दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली | बुधवार 23 अप्रैल-2025 | वर्ष : 10 अंक : 123 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# पहलगाम में कायराना आतंकी हमला, 26 पर्यटकों की मौत

## पाक आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा पर सुरक्षा एजेंसियों का शक

## कई लोग घायल, मरने वालों में 2 विदेशी भी

## जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा: पीएम

**जम्मू-कश्मीर।** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।हमला अपराह्न करीब तीन बजे हुआ, जब आतंकवादी बैसरन घाटी में पहाड़ से नीचे उतरे और वहां पर्यटकों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस स्थान को लंबे हरे-भरे घास के मैदानों के कारण 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार सक्रिय हो गई है। इसे लेकर न सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी बल्कि गृह मंत्री अमित शाह भी सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, सऊदी अरब दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा। प्रधानमंत्री ने गृह मंत्री से घटनास्थल का दौरा करने को भी कहा। आतंकी हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। हमले वाली जगह का एक वीडियो सामने आया है जिसमें कई लोग खून से लथपथ और जमीन पर बेसुध पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि महिला पर्यटक रोते हुए अपने प्रियजनों की तलाश कर रही हैं।



### पुलिस ने जारी किए हेल्प लाइन नंबर

आतंकी हमले के बाद अनंतनाग में पर्यटकों की सहायता या जानकारी के लिए एक इमरजेंसी हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। पुलिस से संपर्क करने के लिए 9596777669, 01932225870 (9419051940 व्हाट्सएप) हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है।

### जम्मू में हाई लेवल बैठक बुलाई गई

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जम्मू में उच्च स्तरीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक बुलाई गई है। आईजी जम्मू पुलिस भीम सेन टूटी और डिवीजनल कमिश्नर रमेश कुमार बैठक की अध्यक्षता करेंगे। मीटिंग में नून व्यवस्था और सुरक्षा परिदृश्य पर चर्चा की जाएगी।

### अमित शाह पहुंचे जम्मू

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के लिए रवाना हो गए हैं। शाह बुधवार को घटनास्थल वाली जगह पर जा सकते हैं। उनके साथ जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा भी हैं।

### दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा है कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।



### निर्दोष नागरिकों पर हमला अक्षम्य है: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकवादी हमला चौंकाने वाला और दर्दनाक है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। निर्दोष नागरिकों, पर्यटकों पर हमला करना बेहद भयावह और अक्षम्य है। मैं उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

### आतंकी हमला कायरतापूर्ण, अक्षम्य और घोर निंदनीय है: सीएम योगी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला कायरतापूर्ण, अक्षम्य और घोर निंदनीय है। जिन लोगों ने इस दु:खद घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं।



### नृशंस हमला कायरतापूर्ण : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि पहलगाम (जम्मू और कश्मीर) में आतंकी हमले की खबर से कहा दुख हुआ है। निर्दोष नागरिकों पर यह नृशंस हमला कायरतापूर्ण और अत्यधिक निंदनीय कृत्य है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा नेता कविंदर गुप्ता ने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है।

### आतंक के खिलाफ पूरा देश एकजुट : राहुल गांधी



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में पर्यटकों के मारे जाने और कई लोगों के घायल होने की खबर बेहद निंदनीय और दिल दहलाने वाली है।

### कायरतापूर्ण हमला : अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने इस आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर वीडियो साझा करते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए और हमले को निंदनीय करार दिया।

# कश्मीर आतंकी हमले के बाद गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों ने किया शोक व्यक्त

## कहा- आतंकवादियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई और हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल है। देश के गृहमंत्री अमित शाह कश्मीर के पहलगांम इलाके में पहुंच चुके हैं। दैनिक करंट क्राइम ने इस हमले के बाद गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से बात की। सभी ने इस हमले को जहां कायरतापूर्ण कृत्य बताया। वहीं आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का संकल्प दोहराया।

### हमला बेहद कायरतापूर्ण, होगी कठोर कार्यवाही: अतुल गर्ग



(करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की हत्या किये जाने को एक कायरतापूर्ण कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद और निंदनीय घटना है। पूरा देश इस समय शोक में डूब गया है। आतंकवादियों ने निहत्थे मासूम लोगों की हत्या की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम लेने के लिये दृढ संकल्प है। इस हमले के दोषियों को कठोर सजा दी जाएगी। यह हमला मानवता के खिलाफ अपरध है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### आतंकवाद का देंगे मुंहतोड़ जवाब: सुनील शर्मा



(करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस हमले में मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि मैं इस हमले की कड़ी निदां करता हूं। मेरी शोक संवेदनाएं मृतकों के प्रति तथा शोकाकुल परिवारों के साथ है। यह बेहद दुखद घटना है। यह कायराना हमला है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। एक लंबे अंतराल के बाद आतंक ने सिर उठाया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों को जल्द ही ठिकाने लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में आतंकवाद के लिये कोई माफी नहीं है।

### देश विरोधी ताकतों को देंगे मुंहतोड़ जवाब: नरेंद्र कश्यप



(करंट क्राइम)। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने आतंकी घटना की हमले को निंदनीय और दुखदायी बताया। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने नाम और धर्म पूछकर इस हमले को अंजाम दिया है। यह देश विरोधी ताकतों का दुस्साहस है। देश में फिर से ऐसी ताकतें सिर उठा रही हैं जो देश विरोधी हैं और वो देश के सौहार्द को नहीं देखना चाहती। नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पहलगाम हमला देश विरोधी ताकतों का दुस्साहस है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद का खात्मा करना जानती है। किसी भी कीमत पर आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी हमारी सरकार ने आतंकवादियों के ठिकानों को पाकिस्तान में घुसकर नष्ट किया था और अब फिर वो समय आ गया जब आतंकवाद का समूल नाश होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आतंकवाद को समाप्त करने के लिये अडिग है।

### ऐसा जवाब देंगे कि कोई फिर हमले की सोच नहीं पाएगा: नंदकिशोर गुर्जर



(करंट क्राइम)। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पहलगाम हमले को कायराना हमला बताया। उन्होंने कहा कि मेरी संवेदनाएं मृतकों और उनके परिवारों के साथ है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी ताकतें अब इस बात को समझ लें कि जिस तरह से बालाकोट हमले का जवाब सरकार ने दिया था, इस हमले का उससे भी बड़ा जवाब दिया जाएगा और ऐसा जवाब दिया जाएगा कि फिर कोई भी आतंकी भारत में सिर उठाने का भी दुस्साहस नहीं कर पाएगा। एक बार पुन: हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, शोक व्यक्त करता हूं।

### हमला बेहद दुखद, सरकार करेगी कठोर कार्यवाही: अजीतपाल त्यागी



(करंट क्राइम)। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर हमला एक बेहद कायरतापूर्ण हमला है। उन्होंने कहा कि मैं इस हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करता हूं। मेरी शोक संवेदनाएं हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ है। केंद्र सरकार जल्द ही एक बड़ा ऑपरेशन चलाकर आतंकवादियों के समूल नाश के लिये काम करेगी। इस हमले के किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

### हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, पाकिस्तान का है हाथ: संजीव शर्मा



(करंट क्राइम)। शहर विधायक संजीव शर्मा ने पहलगाम हमले को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होने कहा कि मैं इस हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मेरी संवेदनाएं परिजनों के साथ है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आतंकवादियों ने नाम पूछकर मारा है, उससे स्पष्ट है कि हमले का क्या मकसद है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। बहुत जल्द सरकार कार्यवाही करेगी। हमारे देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इस पूरे मामले की अपडेट ले रहे हैं और जल्द ही एक बड़ा अभियान आतंकवाद के खिलाफ शुरू होगा।

### घटना बेहद निंदनीय, होगी कठोर कार्यवाही: दिनेश गोयल



(करंट क्राइम)। एमएलसी दिनेश गोयल ने पहलगाम हमले पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। इस हमले में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। बेहद दुख का विषय है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूरे मामले पर नजर रख रहे हैं। इस हमले में शामिल कोई भी आतंकवादी किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कठोर सबक सिखाया जाएगा और जल्द ही पूरा देश देखेगा कि आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी कार्यवाही होगी।

### आतंकवादियों पर हो कठोरतम कार्रवाई : सुनीता दयाल



(करंट क्राइम)। मेयर सुनीता दयाल ने पहलगाम हमले पर शोक जताते हुए कहा कि यह पूरे देश में शोक की घड़ी है। उन्होंने कहा कि जिस कश्मीर को आतंकवाद से निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्नत बनाया था। यहां के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया। पर्यटन शुरू कराया। इस हमले के बाद पर्यटन उद्योगा यहां से समाप्त हो जाएगा। यहां के लोगों को फिर से रोजी-रोटी के लिये जूझना होगा। उन्होंने कहा कि इस सब में आम जनता का नुकसान होता है। नाम पूछकर गोली मारना बता रहा है कि यह सुनियोजित साजिश के साथ हमला है। सुनीता दयाल ने कहा कि यहां के मुसलमान गड़बड़ नहीं करते हैं, यहां के आतंकवादियों और दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। पर्यटकों पर हमला एक घिनौना कृत्य है। ये हमला बेहद दुखद है। आम जनता का नुकसान हुआ है। मैं इस हमले में मारे गए लोगों की आत्माओं की शांति की कामना करती हूं। मेरी शोक संवेदनाएं इस हमले में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति है। आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी ही चाहिए।

# नगर निगम के तीन पुराने योद्धा आज खोलेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस से मोर्चा




## जनप्रतिनिधियों की खामोशी को लेकर पनप रहा है आक्रोश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम एक ऐसी संस्था है, जिसे शहरी सरकार भी कहा जाता है। ये एक ऐसी संस्था है जिसमें जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि शहर के विकास वाले रोड मैप को लेकर फैसला लेते हैं। यहां सदन होता है, सदन में गली मोहल्लों की आवाज के रूप में पार्षद होते हैं और सदन का फैसला सर्वोपरि माना जाता है, लेकिन बीते दिनों सदन ने कहा और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ेगा और उसके बाद भी निगम अधिकारियों ने कानून का हवाला देकर टैक्स बढ़ा दिया। नगर निगम के पुराने योद्धाओं का इस बात का भी आक्रोश है कि आखिर जनता ने तुम्हें चुना है तो तुम सदन में बोल क्यों नहीं रहे। आज निगम के मुद्दो को लेकर नगर निगम तीन पुराने योद्धा मोर्चा खोलेंगे। वो निगम के मुद्दों के साथ मीडिया से बात करेंगे। नगर निगम के पूर्व सीनियर पार्षद अनिल स्वामी, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल आज राजनगर के कृष्णा सागर में प्रैस कांफ्रेंस करने जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ये तीनों ही पुराने योद्धा निगम के कई मुद्दों को लेकर आ रहे हैं। तीनों एक साथ एक मंच पर इसलिये भी आ रहे हैं कि वो अधिकारियों की मनमानी और जनप्रतिनिधियों की खामोशी को लेकर नाराज हैं। उनका ये कहना है कि अगर निगम के अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं तो फिर इसके पीछे दो ही कारण है कि या तो नगर निगम की मुखिया को अधिकारी भ्रमित कर रहे हैं, या फिर वो किसी दबाव में हैं। ये तीनों पुराने योद्धा इस बात पर भी नाराज हैं कि अगर अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के कहने के बाद भी टैक्स बढ़ा दिया तो कोई भी पार्षद मोर्चा क्यों नहीं खोल रहा है। निगम सदन की मुखिया इस बोलने को तैयार क्यों नहीं है। उनका कहना है कि जो आज निगम के सदन में खुद को सीनियर बता रहे हैं वो जनता के हित में आवाज क्यों नहीं उठा रहे हैं। उनका कहनाहै कि सदन से बड़ा निगम का कोई अधिकारी नहीं हो सकता। यहां पर इन पुराने पार्षदों का ये भी कहना है कि अगर निगम की मुखिया चाहें तो हम पुराने लोगों से वो सुझाव-सलाह ले सकते हैं। हमारा रोष केवल इसी बात को लेकर है कि जब जनप्रतिनिधियों को बोलना है तो वो खामोश हैं और जब वो नहीं बोल रहे तो हमें मजबूरन सामने आकर बोलना पड़ा है। आज नगर निगम के तीनों पूर्व पार्षदों के मुखार्विंद से कई निगम के मुद्दे बाहर आएंगे। सुना है तीनों पूर्व सीनियर पार्षदों ने मुद्दों को लेकर खासी मोटी फाइल तैयार की है।

> **जनप्रतिनिधियों ने कहा कि हाउस टैक्स नहीं बढ़ेगा और उसके बाद भी निगम अधिकारियों ने कानून का हवाला देकर टैक्स बढ़ा दिया। नगर निगम के पुराने योद्धाओं का इस बात का भी आक्रोश है कि आखिर जनता ने तुम्हें चुना है तो तुम सदन में बोल क्यों नहीं रहे।**

# पहलगाम में आतंकी हमला

## आतंकियों की गोलीबारी से 26 पर्यटकों की मौत, कई घायल



**पहलगाम।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर गोलीबारी की है। इस हमले में एक की मौत हो गई है जबकि 26 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी है। सूत्रों के अनुसार घायलों की संख्या बढ़ सकती है। आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक ग्रुप को निशाना बनाया था। इलाके में सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल लिया है और आतंकियों की खोज के लिए तलाशी अभियान जारी है।

### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

बता दें कि पहलगाम पर्यटकों के बीच सबसे अधिक लोकप्रिय है और यहां पर गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। आतंकियों ने जिन पर्यटकों के ग्रुप को निशाना बनाया वह राजस्थान का है। सूत्र के अनुसार दो पर्यटकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि अभी तक आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है कि कुल कितने पर्यटक घायल हुए हैं। घायलों की संख्या बढ़ भी सकती है।

12 अप्रैल को अखनूर एनकाउंटर में जेसीओ शहीद हुए

12 अप्रैल को जम्मू जिले के अखनूर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में 9 पंजाब रेजिमेंट के जेसीओ कुलदीप चंद शहीद हो गए थे। अखनूर के केरी बट्टल इलाके में 11 अप्रैल की देर रात एनकाउंटर शुरू हुआ था।

11 अप्रैल को ही किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया था। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद के हैं। इनमें टॉप कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल है।

इससे पहले 4 और 5 अप्रैल की दरमियानी रात जम्मू में एलओसी पर आरएस पुरा सेक्टर पर बीएसएफ के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं, 1 अप्रैल को एलओसी पर सेना के एनकाउंटर में 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मारा गया था। घटना पुंछ में एलओसी पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई थी।

### कठुआ में एक महीने 3 एनकाउंटर

कठुआ में एक महीने के भीतर सुरक्षाबलों की आतंकियों तीन मुठभेड़ हुई हैं। पहली मुठभेड़ 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में हुई थी। सुरक्षाबलों को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट से जुड़े 5 आतंकवादियों के छिपे होने की खबर मिली थी, लेकिन वे भागने में कामयाब रहे थे।

# पुलिस लाइन में 15 दिन के दौरान 913 अभ्यर्थियों का होगा पुलिस मेडिकल परीक्षण

## पहले दिन 50 अभ्यर्थियों को बुलाया गया

**- डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने किया लाइन में मेडिकल परीक्षण स्थल का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा- निर्देश**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में सफल भर्ती होने के बाद अब परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण आरंभ हो गया है। मंगलवार को पुलिस लाइन गाजियाबाद में 15 दिवसीय अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण शिविर की शुरूआत की गई है। जो 11 मई को समाप्त होगा। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने गाजियाबाद में बुलाए गए मेडिकल करने वाले अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण स्थल का निरीक्षण करते हुए, यहां पुलिस और स्वास्थ्य के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही इसे सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए हैं। वहीं यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है। बताया जा रहा है कि 15 दिनों तक चलने वाली इस मेडिकल परीक्षण के दौरान कुल 913 अभ्यर्थियों का मेडिकल कराया जाएगा।

### पूरे प्रदेश में चल रही है पुलिस भर्ती की मेडिकल परीक्षण प्रक्रिया

**करंट क्राइम :** बता दें कि बीते दिनों पुलिस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हुई थी, लिखित परीक्षा के बाद पास हुए अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण प्रारंभ हो गया है। जो पूरे प्रदेश में 11 मई तक चलेगा। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में 15 दिन में 913 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण होना है।

### प्रतिदिन 50 अभ्यर्थियों का होगा मेडिकल परीक्षण

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि 11 मई तक चलने वाले अभ्यर्थियों के मेडिकल परीक्षण में कुल 913 अभ्यर्थियों का मेडिकल होना है। जिसमें 697 पुरुष अभ्यर्थी और 216 महिला अभ्यर्थी हैं। प्रतिदिन 50 अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा। वहीं गर्मी का मौसम है इसे देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए पानी, कूलर एवं छायादार स्थान की व्यवस्था की गई है। साथ ही किसी प्रकार की परेशानी ना हो, यहां चिकित्सकों का पूरा दल मौजूद रहेगा। साथ ही पुलिस के अधिकारी भी यहां निरीक्षण करेंगे और अभ्यर्थियों के साथ सामंजस रखा जाएगा।

# गुजरात के अमरेली रिहायशी इलाके में विमान हुआ क्रैश, पायलट की मौत




**अहमदाबाद/अमरेली:** गुजरात के अमरेली में प्लेन क्रैश होने की बड़ी घटना सामने आई है। मंगलवार को दोपहर में एकाएक अमरेली के गिरिया रोड पर एक निजी कंपनी का प्लेन क्रैश हो गया। जब विमान क्रैश हुआ तो उस वक्त पर इसमें कुल दो लोग मौजूद थे। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। एक प्राइवेट कंपनी द्वारा संचालित पायलट ट्रेनिंग सेंटर का प्लेन क्रैश होने पर तेज धमाका हुआ। इसके साथ विमान में आग लग गई। सूचना पर पहुंची अमरेली फायर विभाग की टीमों ने आग को बुझाया।

### एक महीने में तीसरी घटना

गुजरात के अमरेली में यह घटना ऐसे वक्त पर सामने आई है जब सौराष्ट्र के जामनगर में ही एक दिन पहले एयरफोर्स के खराब हुए हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। इससे पहले एयरफोर्स का जगुआर विमान क्रैश हुआ था। इसमें एक की मौत हुई थी। अमरेली में निजी विमान के क्रैश होने के बाद अमरेली जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घटना स्थल को जांच के लिए बैरीकेड किया गया है। विमान के सड़क पर गिरने से आसपास के लोग डर गए। तेज आवाज के बाद बाहर निकले लोग लगी की लपटें देखकर सहम गए। सूचना पर पहुंची दमकल ने आग बुझाई।

### क्रैश के बाद लगी आग

अमरेली में जहां पर प्लेन क्रैश हुआ। वहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले प्लेन क्रैश हुआ। इसके बाद उसमें ब्लास्ट के आग लगी। इसके चलते लोग डर गए। आग लगने के कारण लोगों को दमकल को बुलाना पड़ा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जब दूसरे को काफी गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया है। आधिकारिक तौर पर अभी एक मौत की पुष्टि हुई है।

### स्थानीय ट्रेनिंग स्कूल का प्लेन

अमरेली में क्रैश हुआ विमान डीजीसीए द्वारा एप्रूव्ड विजन फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का था। यह इंस्टीट्यूटी अमरेली में ही स्थित है। इंस्टीट्यूट में कॉमर्शियल पायलट के साथ प्राइवेट पायलट और कंवर्जन फ्लाइंग की कोर्स संचालित किए जाते हैं। इस प्लेन ने 11:15 बजे उड़ान भरी थी। यह 12:50 बजे हादसे का शिकार हुआ।

**शरबत जिहाद को लेकर कोर्ट ने लगाई फटकार**

# 'माफी लायक नहीं है बाबा रामदेव की टिप्पणी'






**नई दिल्ली।** हमदर्द के रूह अफजा के खिलाफ बाबा रामदेव की शरबत जिहाद टिप्पणी पर दिल्ली हाई कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि टिप्पणी ने अदालत की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह अक्षम्य है। कोर्ट ने रामदेव के खिलाफ हमदर्द के मुकदमे की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की है।

### किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया- रामदेव

हाल ही में रामदेव ने पतंजलि के गुलाब के शरबत का प्रचार करते हुए दावा किया था कि हमदर्द के रूह अफजा से अर्जित धन का उपयोग मदरसे और मस्जिद बनाने में किया जाता है। बाद में, रामदेव ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने किसी ब्रांड या समुदाय का नाम नहीं लिया।

**रामदेव के खिलाफ मुकदमा दायर :** बता दें कि हमदर्द ने रामदेव के वीडियो को सोशल मीडिया से हटाने की मांग करते हुए रामदेव के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। हमदर्द की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि यह एक चौंकाने वाले के साथ ही सांप्रदायिक विभाजन का मामला भी है। उन्होंने कहा कि रामदेव की टिप्पणी नफरत फैलाने वाले भाषण के समान है।

**मुलाकात**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उत्तर प्रदेश के चहुंमुखी विकास, डिजिटल इंडिया, और निवेश प्रोत्साहन जैसे विषयों पर हुई। मुलाकात के बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा प्रसन्न दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि यह वार्ता निश्चित ही प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।

## हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए मुर्शिदाबाद जाएंगी ममता बनर्जी



**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मई के पहले सप्ताह में मुर्शिदाबाद जिले का दौरा करेंगी। यह दौरा हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए होगा। एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। बता दें कि वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई थी। हिंसा में तीन लोगों की जान चली गई थी और कई घर छोड़कर भाग गए। बाद में, विरोध प्रदर्शन मालदा, दक्षिण 24 परगना और हुगली जैसे कई अन्य जिलों में भी फैल गया। इन इलाकों से आगजनी, पत्थरबाजी और सड़क जाम की खबरें आईं।

पिछले हफ्ते, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने ममता बनर्जी के अनुरोध को दरकिनार करते हुए मुर्शिदाबाद का दौरा किया था। राज्यपाल बोस शनिवार को मुर्शिदाबाद पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को सुरक्षा की भावना चाहिए।

# राज्य का दर्जा बहाल कराने के लिए कांग्रेस का अभियान शुरू




**जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस पूरे प्रदेश में राज्य के दर्जे की बहाली और संविधान बचाओ अभियान तेज करेगी। साथ ही बीजेपी सरकार की भ्रामक रणनीतियों को भी उजागर करेगी।**

**जम्मू कश्मीर:** जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस पूरे जम्मू-कश्मीर में प्रत्येक जिले और विधानसभा क्षेत्रों और ब्लॉकों में राज्य के दर्जे की बहाली को लेकर आंदोलन तेज करने के साथ-साथ संविधान बचाओ अभियान भी शुरू करेगी। इसी के साथ पार्टी बीजेपी सरकार की भ्रामक रणनीति को भी जनता के सामने उजागर करेगी।

जेकेपीसीसी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने संविधान को बचाने और राज्य का दर्जा बहाल करने के आंदोलन को तेज करने के लिए केंद्र शासित प्रदेश, प्रांतीय, जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में अभियान चलाने के लिए एआईसीसी के निदेशों को लागू करने के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है।

तारिक हमीद कर्रा की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई, जिसमें 22 अप्रैल को जम्मू में सभी जिलों और ब्लॉकों के वरिष्ठ नेताओं की विस्तारित बैठक के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक के बाद 29 अप्रैल को जम्मू में मोदी सरकार द्वारा संविधान पर हमले और उसकी प्रतिशोधात्मक राजनीति के खिलाफ प्रांत स्तरीय विरोध रैली का आयोजन किया जाएगा।

वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर बीजेपी की विफलताओं और ध्यान भटकाने वाली रणनीति को उजागर करने के लिए एक विस्तृत अभियान के लिए अपने इनपुट साझा किए।

प्रभावित परिवारों को पर्याप्त अनुग्रह राशि देने का किया आग्रह

पार्टी रोजगार के मोर्चे, महंगाई, कराधान के अलावा मोदी सरकार की विभाजनकारी और सांप्रदायिक तथा प्रतिशोधात्मक राजनीति के बारे में जनता को जागरूक करेगी। बैठक में कहा गया कि डेढ़ महीने तक चलने वाले कार्यक्रम में राज्य का दर्जा बहाल करने के मुद्दे पर बीजेपी के विश्वासघात और लोगों की पीड़ा को पूरा करने के लिए निर्वाचित सरकार को अधिकार न देने का खुलासा किया जाएगा। इस बैठक में रामबन में बादल फटने और तेज हवाओं के दौरान हुई जान-माल की हानि और नुकसान का भी जायजा लिया गया। पार्टी ने जान-माल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और सरकार से प्रभावित परिवारों को पर्याप्त अनुग्रह राशि देने का आग्रह किया।

# पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत में तीन दिनों का राजकीय शोक

**पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत सरकार ने तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेताओं ने दुख व्यक्त किया है।**



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे।**

**नई दिल्ली।** पोप फ्रांसिस के निधन पर भारत सरकार ने तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस। जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई बड़े नेताओं ने दुख व्यक्त किया है। भारत सरकार ने सोमवार (21 अप्रैल) को पोप फ्रांसिस के निधन पर उनके सम्मान में तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की। फ्रांसिस का सोमवार को निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को निधन हो गया। उनके सम्मान में पूरे भारत में तीन दिवसीय राजकीय शोक रखा जाएगा।

बयान में कहा गया कि इसके अनुसार, 22 अप्रैल (मंगलवार) और 23 अप्रैल (बुधवार) को दो दिन का राजकीय शोक रहेगा। इसके अलावा, अंतिम संस्कार के दिन एक दिन का राजकीय शोक रहेगा। बयान में कहा गया कि राजकीय शोक की अवधि के दौरान पूरे भारत में उन सभी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। शोक की अवधि के दौरान मनोरंजन का कोई आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा।

**पीएम मोदी ने जताया शोक :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुनिया भर में लाखों लोग उन्हें हमेशा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद रखेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लपरम पावन पोप फ्रांसिस के निधन से मुझे गहरा दुख हुआ है। दुख और स्मरण की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। पोप फ्रांसिस को दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्लछोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया था। उन्होंने गरीबों और दलितों की लगन से सेवा की। जो लोग पीड़ित थे, उनके मन में उन्होंने आशा की भावना जगाई।

इन बड़े नेताओं ने भी जताया दुख

विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने कहा कि पोप की ह्लकरुणा और बेहतर विश्व के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता पोप के तौर पर उनके कार्यों को परिभाषित करती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि फ्रांसिस को मानव समाज, विशेष रूप से गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के प्रति उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए याद किया जाएगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया और इसे ह्लमानवता के लिए क्षति बताया। उन्होंने कहा, ह्लहम उनके निधन से दुखी हैं, जो एक बड़ी क्षति है।

# अर्थ डे: 'धरती मां को सांस लेने का दें मौका'

# 'आज रात पांच मिनट के लिए बंद करें बिजली', सीएम रेखा गुप्ता की अपील

**दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अर्थ डे पर रात 8:00 से 8:05 बजे तक पांच मिनट बिजली बंद करने की अपील की, ताकि पर्यावरण को राहत मिले।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने अर्थ डे के अवसर पर दिल्लीवासियों से रात 8:00 से 8:05 बजे तक पांच मिनट के लिए बिजली बंद करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यह छोटा सा कदम धरती मां को सांस लेने का मौका देगा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा बदलाव ला सकता है।

सीएम ने इसे धरती मां के लिए एक उपहार बताया है। उन्होंने बड़े भावुक तरीके से अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा है कि तब हम रात को छत पर लेटते थे तो आसमान में तारे दिखते थे। आज बिजली है और लाइट भी है, लेकिन रात को आसमान से तारे गायब हैं। ऐसे में यह छोटा सा कदम पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में बड़ा योगदान दे सकता है। सभी नागरिकों से इस पहल में शामिल होने का आह्वान किया गया है। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने भी अर्थ डे पर अपने घरों, दफ्तरों, सार्वजनिक स्थानों की बिजली बंद करने की अपील की है।

# सर्वाइकल कैंसर: महिलाओं में दूसरा सबसे बड़ा कैंसर, प्रति लाख 17.7 महिलाएं प्रभावित



**नई दिल्ली।** महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की पकड़ स्वदेशी एचपीवी किट से आसान होगी। देश में बनीं तीन स्वदेशी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) किट का ट्रायल एम्स सहित तीन लैब में हुआ है। इसके प्राथमिक परिणाम बेहतर पाए गए हैं। बुधवार को इसके आंकड़े जारी किए जाएंगे। उम्मीद की जा रही है कि इस किट से जांच को राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल किया जा सकेगा। ऐसा होने पर कोरोना की तरह देशभर में अभियान चलाकर महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा सकेगी।

नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (एनएएमएस) की टास्क फोर्स के मुताबिक, महिलाओं में होने वाला यह दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है। मौजूदा समय एक लाख महिलाओं में से 17.7 महिलाओं में यह कैंसर होता है। एडवांस स्टेज पर कैंसर का पता चलने के कारण 12.2 महिलाएं दम तोड़ देती हैं। सोमवार को एनएएमएस के 65वें स्थापना दिवस के दौरान इस कैंसर से जुड़े आंकड़े जारी किए गए।

एम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व प्रमुख व एनएएमएस की उपाध्यक्ष डॉ. नीरजा भाटला ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ने व शोध होने से देश में यह मामले तेजी से घट रहे हैं।

### पहलगाम आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट, बढ़ी रेलवे-बस स्टेशनों की निगरानी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद यूपी में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हमले के बाद सभी राज्यों को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। सूत्रों की मानें तो सभी कमिश्नरेट और जिलों को संदिग्धों पर नजर रखने को कहा गया है। साथ ही, प्रमुख धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, हवाई अड्डों आदि की निगरानी बढ़ा दी गई है। देर शाम डीजीपी प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में इस बाबत अहम दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सत्यपाल सिंह उर्फ सत्यपाल सिंह आर्य पुत्र श्री बाल किशन निवासी आर0सी0-62 आजाद विहार खोडा कालोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद, (आधार न0-2503 5510 2844) मेरा नाम आधार कार्ड पर सत्यपाल सिंह (Satyapal Singh) अंकित है, तथा मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट पर मेरा नाम सत्यपाल सिंह आर्य (Satyapal Singh Arya) अंकित है। सत्यपाल सिंह (Satyapal Singh) व सत्यपाल सिंह आर्य (Satyapal Singh Arya) एक ही व्यक्ति यानि मेरे ही नाम है।

करंट क्राइम ट्वीट का करंट




# सड़क हादसों पर क्या एक्शन लेते हैं पुलिस कमिश्नर

## लगातार बढ़ रहे हैं दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। बीते दिनों प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई थी, इसके बाद प्रशासन ने दोपहिया वाहनों की दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर संचालन की रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कई नए ब्लैक और डार्क स्पॉट चिन्हित किए गए थे। तो यातायात पुलिस, परिवहन विभाग और एक्सप्रेस-वे पर काम करने वाली एजेंसियों को भी सड़क हादसों के रोकथाम के उपाय और आवश्यक नियम अपनाने का निर्देश दिया गया था। बावजूद उसके पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है। बीते 24 घंटों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सड़क हादसों में चार लोगों की अलग-अलग हादसों में मौत हुई है। एक भीषण सड़क हादसा क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में हुआ, जिसमें दो लोगों व एक कुत्ते की जान



गई। वहीं दूसरा सड़क हादसा कवि नगर थानाक्षेत्र में हुआ, जिसमें एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। वहीं नए पुलिस कमिश्नर ने जहां यातायात व्यवस्था और सड़क हादसों में कमी लाने के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। तो अब देखना होगा कि एक्सप्रेस-वे पर हाई स्पीड वाहनों के दौड़ने वाले मार्ग पर सड़क हादसों को रोकने के लिए क्या प्लान आने वाले दिनों में बनाया जाता है।

### प्रशासन की सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों से भी नहीं निकल रहा है कोई हल

#### लगातार एक्सप्रेस-वे पर बढ़ रही है मृतकों की संख्या

**करंट क्राइम:** दिल्ली-मेरठ के बीच हाई स्पीड एक्सप्रेस-वे पर लगातार सड़क हादसों की संख्या में इजाफा हो रहा है। तो इन सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। बीते लगभग 3 साल में यहां 20 से अधिक बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। जिसमें दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने अलग-अलग सड़क हादसों में जान गंवाई है। कई हादसों में तो एक ही परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों की जिंदगी खत्म हुई है। तो स्कूली बच्चों की बस से लेकर गलत दिशा में आने वाले वाहनों से भी सड़क हादसे हुए हैं। इसी के साथ ओवर स्पीडिंग और गलत लेने में वाहनों के प्रवेश भी हादसों की बड़ी वजह बनते जा रहे हैं।

#### जगह-जगह कैमरे होने का भी नहीं मिल रहा है लाभ

**करंट क्राइम:** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर बड़ी संख्या में नाइट विजन और मूव करने वाले कैमरे लगे हुए हैं। इनका मकसद लोगों की तेज स्पीड पर लगाम लगाने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर अंकुश लगाना और उनपर नकेल कसना है, मगर दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार वाहन चालक लगातार हादसों का कारण बन रहे हैं। तो वहीं सड़क पर लापरवाही भी हादसों की वजह निकलकर आ रही है। इस मामले में एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद का कहना है कि जल्द ही हाईवे अथॉरिटी और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ हादसे रोकने के लिए कुछ ठोस और महत्वपूर्ण प्लान बनाया जाएगा।

# ठाकुरद्वारा टैंपल चुनाव पर बोले एमएलसी दिनेश गोयल

## दोनों पैनल मेरा परिवार, इसलिए नहीं प्रयोग किया मैंने मताधिकार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रविवार को ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन का चुनाव हुआ। इस चुनाव में सैकड़ों मतदाताओं ने भाग लिया। यहां कार्यकारिणी सहित नौ पदों के लिये उम्मीदवार मैदान में थे। इस चुनाव में एमएलसी दिनेश गोयल भी पहुंचे थे। इस चुनाव में जहां ज्ञानप्रकाश गोयल अध्यक्ष के तौर पर जीते, वहीं दूसरा पूरा पैनल हार गया था। किसका वोट किसे गया, ये चर्चा है और इन सबके बीच एमएलसी दिनेश गोयल ने करंट क्राइम से इस चुनाव को लेकर बात की।



उन्होंने कहा कि मैं ठाकुरद्वारा टैंपल एसोसिएशन का सदस्य हूं। मुझे यहां मतदान करने का भी अधिकार प्राप्त है। लेकिन उन्होंने कहा कि मैंने इस चुनाव में किसी को भी वोट नहीं डाला। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि चाहे ये पैनल हो, या वो पैनल हो सब उम्मीदवार एक ही परिवार के लोग हैं। दोनों पैनल मेरे ही परिवार के लोग हैं। मेरे लिये सब एक बराबर हैं। इसलिये मैंने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया। मैंने कोई वोट नहीं डाला। उन्होंने कहा कि मैं स्थानीय राजनीति से भी दूर रहता हूं।

# गोविंदपुरम निवासी रोहित सिंह को यूपीएससी में मिली 241वीं रैंक

## दसवीं और 12वीं में पाए थे बेहतर अंक

**गाजियाबाद: करंट क्राइम :** मंगलवार को जारी हुए संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी हुआ है। जिसमें गोविंदपुरम निवासी रोहित सिंह ने 241वीं रैंक प्राप्त हुई हैं, उन्होंने जनपद का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे शहर के निवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने कहा कि रोहित सिंह ने जनपद का गौरव बढ़ाया है। रोहित बबीना कैंट, झांसी में सीईओ के पद पर तैनात हैं। वे अपनी उपलब्धि का जश्न परिवार के साथ झांसी में ही मना रहे हैं। रोहित सिंह ने इंटर तक की शिक्षा डीपीएसजी मेरठ रोड़ से प्राप्त की है। हाईस्कूल में उनकी 10 सीजीपीए आई थी, कक्षा 12 में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।



### माता-पिता और दोस्तों को दिया सफलता का श्रेय

**करंट क्राइम :** मंगलवार को जारी हुए संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी होने पर अपनी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपनी मां शशिकला सिंह, पिता श्याम सुंदर सिंह, छोटे भाई शशांक सिंह व दोस्तों को दिया। रोहित सिंह ने बताया कि एक आईएएस के रूप में उनका लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना में सुधार लाना रहेगा ताकि समाज और देश को मजबूत और समृद्ध बनाया जा सके।

### पहले भी हासिल की थी अच्छी रैंकिंग

**करंट क्राइम :** सेंट स्टीफंस कॉलेज, दिल्ली से ग्रजुएशन व जेएनयू से पोस्ट ग्रेजुएट के बाद वर्ष 2022 में उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की परीक्षा तो उनकी रैंक 480 रही और उनका चयन आईडीईएस रक्षा मंत्रालय में हुआ था। वर्ष 241 में उन्होंने पुन: परीक्षा दी थी और उसका रिजल्ट आया तो 241 वीं रैंक प्राप्त करने पर वे आईएएस बन गए हैं।

# अगर किया मुकदमे घटाने-बढ़ाने का खेल सीपी की परीक्षा के बाद होना पड़ेगा फेल

## डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारी रखेंगे पैनी नजर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कमिश्नर बदलने के बाद पुलिसिंग और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने का सिलसिला शुरू हो चुका है। तो वहीं पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद द्वारा मुकदमों के घटाने और बढ़ाने के मामले में खेल करने वाले पुलिसकर्मियों की आने वाले दिनों में परेशानियां भी बढ़ेगी, अगर किसी गंभीर अपराध के मामले, एसआर की विवेचना के दौरान जांच अधिकारियों ने किसी प्रकार का नाम घटाने-बढ़ाने बिना तथ्यों के आधार पर जांच करने का काम किया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह खुद इन गंभीर अपराध के मामलों की निगरानी करेंगे और लापरवाही मिलने पर दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे मामलों की फाइल कभी भी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भी जांची जा सकती है।

### हर महीने की पहली तारीख को होगी गंभीर मामलों के मुकदमों की जांच






#### एसआर केस से लेकर एससी-एसटी पर भी बढ़ेगी निगरानी

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सब समस्त प्रकार के एसआर केस संबंधित विवेचना और एससी-एसटी अधिनियम के मामलों में एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी प्रत्येक विवेचना पर निगरानी रखने का काम करेंगे। इन मामलों में अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी या आरोपी को किसी प्रकार का लाभ प्रदान करने का आरोप या साक्ष्य मिले तो जांच करने वाले अधिकारियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी कराई जाएगी। साथ ही उन्हें नियमानुसार दंड भी दिया जाएगा।

#### 307 से लेकर 420/419 पर भी दिया जाएगा अधिक ध्यान

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है की धारा-307, 386, 326 के साथ ही धारा-109, 308, 118-2, 420, 419, 318-4, 319 की विवेचनाओं को लेकर बेहद गंभीरता और निष्पक्षता बरती जाए। साथ की डीसीपी और एसीपी स्तर के पेशी कार्यालय द्वारा भी इनका जनता से निरीक्षण किया जाए, ऐसे मामलों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए ताकि किसी प्रकार के आरोप प्रत्यारोप ना लगें।

# सत्ता से आज जो असहमत हैं, विपक्ष में हैं, सत्ता के प्रति उनके मन में विरोध नहीं नफरत है, नीतियों के प्रति अविश्वास है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक समय में जब जनसंघ में बड़े बड़े जलूस निकालते थे तो एक नारा लगाते थे। अंधेरे में एक चिंगारी, अटल बिहारी अटल बिहारी ये हमारे लिए केवल नारा नहीं होता था बल्कि हमारा विश्वास होता था कि देश की सारी समस्याओं का समाधान अगर कोई दे सकता है तो उस हस्ती का नाम अटल बिहारी वाजपेयी है।

आज सारा राजनैतिक परिदृश्य बदला हुआ है। सत्ता जिन हाथों में है उनके प्रति देश के एक बड़े वर्ग में आश्वस्ति है कि सत्ता समाधान में सक्षम है. देश सामाजिक आर्थिक रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। दुनिया भर में भारत के बारे में नजरिया बदला है। भारत की भूमिका भी बदली है। जिन मुद्दों को लेकर बहुत सारे देशों में चिंता है।

भारत में उनको लेकर आश्वस्ति है कि हमारा नेतृत्व उसका रास्ता निकालने में सक्षम है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा की गई टैरिफ वार से विश्व में जिस प्रकार की चिंता है, भारत में उसको लेकर भरोसा था कि नेतृत्व इसका समाधान निकालने में सक्षम है। और यह विश्वास अब व्यवहार में उतरता दिख रहा है। साथ ही इस सत्ता की छाया में एक



अतिवाद भी पनप रहा है। उसके लिए न कोई अनुशासन है और न कोई मर्यादा है। कभी कभी तो वह छाया ही असली बनने के लिए प्रयासरत दिखती है। कई अवसरों पर छाया ही असल को गरियाने लगती है।

सत्ता से आज जो असहमत हैं, विपक्ष में हैं, सत्ता के प्रति उनके मन में विरोध नहीं नफरत है, नीतियों के प्रति अविश्वास है राजनैतिक विरोध तो सदैव रहा है। सत्ता में जितना स्थायित्व होता है, विरोध भी उतना ही उग्र होता है। लेकिन सता से इतर जो विरोध है, मन में शंको है, सत्ता की नीयत पर जो अविश्वास बनाने के देश भर में प्रयास हो रहे हैं सामाजिक ताने बाने को ध्वस्त करने के जो प्रयास हो रहे हैं। न्याय व्यवस्था पर अविश्वास का जो वातावरण बन रहा है। सरकारी एजेंसियों के बारे में जिस प्रकार के भ्रम फैलाकर उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाने के प्रयास हो रहे हैं इन सभी के कारण जो भ्रम बना है, उसमें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत को लेकर एक भरोसा है। वह सभी को एक आश्वस्ति दे सकते हैं, सभी भट-के और भ्रमितों के लिए मार्गदर्शन दे सकते हैं। उग्रता में उदारता से विचार करने का एक रास्ता बना सकते हैं। ये अभी अच्छा है कि जिनको सत्ता में भरोसा नहीं है, उनमें बहुत से लोगों को भी मोहन भागवत की समझ पर विश्वास है। देश हित और समाज हित का सबसे बड़ा कस्टोडियन मोहन भागवत जी को माना गया है। यह एक बड़ी आश्वस्ति है।

# मिल रहे हैं संकेत अगले महीने बदल सकते हैं कुछ समाजवादियों के फेस

### सपा में लंबे समय से एक्टिव ना रहने वाले पदाधिकारियों के लखनऊ भेजे जा सकते हैं नाम




#### बढ़ सकती है कई सपाईयों की परेशानी



**करंट क्राइम :** एक तरफ समाजवादी पार्टी विपक्ष में होकर सत्ता पक्ष से लड़ने और अपनी 2027 में जगह तलाशने के लिए जद्दोजहद कर रही है। तो वही लगातार उसके पुराने और प्रमुख नेता व पदाधिकारी पार्टी में निष्क्रिय होते जा रहे हैं। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी को ही उठाना पड़ सकता है। इन सबके बीच चर्चा सुनाई दे रही है कि 2027 वाली तैयारी को लेकर कुछ बड़े बदलाव और परिवर्तन होने हैं। देखना होगा इसका गाजियाबाद के समाजवादियों पर कितना असर पड़ता है और लखनऊ से किन समाजवादियों को जीवनदान तो किसको सजा वाला आदेश मिलता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी जहां 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के चुवान को लेकर अपनी रणनीति और पीडीए प्लेटफार्म को मजबूत बनने पर लगी हुई है। तो वहीं गाजियाबाद की स्थिति अलग नजर आ रही है। बीते दिनों रामजी लाल सुमन को लेकर समाजवादी पार्टी की महिलाओं बिग्रेड ने मोर्चा खोलने का काम किया था। तो एक दिन वह पुतला नहीं फूंक पाई, तो दूसरे दिन प्रदर्शन जोरदार नहीं रहा। वहीं समाजवादी पार्टी के सूत्र बता रहे हैं कि वर्तमान में गाजियाबाद में जिस तरीके से समाजवादी पार्टी बड़े आंदोलन और सरकार को लागतार घेरने के मामले में बड़ा प्रदर्शन नहीं कर रही है, उसको लेकर कई तरीके की चर्चा शुरू हो गई हैं। समाजवादी पार्टी वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगले महीने के बाद समाजवादी पार्टी में कुछ फेस बदले जा सकते हैं। कहा जा रहा है ऐसे पदाधिकारी जो लंबे समय से पार्टी दफ्तर और अलग-अलग आयोजनों से दूर हैं, उनपर कार्रवाई वाला एक्शन लिया जा सकता है। इसके साथ ही चर्चा है कि कुछ ऐसा बदलाव भी हो सकता है, जिससे 2027 की रणनीति को साधने का काम किया जाए।

# ऑटो में आगे बिठाई सवारी, तो चालान कटेगा भारी

## लगातार की लापरवाही तो ऑटो भी होगा सीधे सीज ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए अधिकारियों का नया फरमान

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा बीते दिनों यातायात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। तो वहीं इसी क्रम में अब कई अन्य व्यवस्थाएं और अभियान शुरू कर दिए गए हैं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि अब यातायात व्यवस्था को सुगम दुर्घटना रहित बनाने के उद्देश्य से ऑटो और ई-रिक्शा के ड्राइवर सीट के बगल में सवारी बैठाने वाले ऑटो रिक्शा-ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करने के लिए तीन दिवसीय अभियान की शुरूआत की गई है। मंगलवार से शुरु हुए इस अभियान में जहां अधिकारियों द्वारा अलग-अलग जोन में ट्रैफिक इंस्पेक्टर द्वारा ऑटो चालकों को कहा गया है कि वह आगे सवारी ना बैठएं अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं अधिकारियों ने कहा है कि जो वाहन चालक लगातार नियम तोड़ेगा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में चालानी और वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए ऑटो चालकों को यातायात नियमों का हर हाल में पालन करने का निर्देश जागरुकता अभियान के तहत दिया गया है।



### पुलिस कमिश्नरट की बैठक के बाद सड़कों पर शुरु हो गया अभियान

#### पुराने बस अड्डे, मोदीनगर, मोहन नगर और लोनी में चला अभियान

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने बताया है कि ऑटो चालकों, ई-रिक्शा द्वारा शहर में अधिकांश स्थानों पर जाम एवं सड़क हादसों के होने की वजह से यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुगंम बनाने के लिए 22 अप्रैल से तीन दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया है। जिसके तहत यातायात निरीक्षकों ने ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक कर रहे हैं। साथ ही जो वाहन चालक आगे इस नियम को नहीं मानेंगे उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के पहले दिन मोदीनगर, लोनी, पुराने बस अड्डे, मोहन नगर सहित आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को यह जानकारी दी गई है कि वह आगे सवारी ना बैठाएं।







#### लगातार चलेगा अभियान और कटेगा चालान

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के निर्देश पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को मजबूत और जाम रहित बनाने के साथ ही सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास शुरू किया गया है। इसी कड़ी में ई-रिक्शा और ऑटो में आगे बैठने वाली सवारियों पर रोक लगाई गई है ताकि उन्हें अपने दाएं और बाएं ओर का ट्रैफिक दिखाई दे और सड़क हादसों में कमी लाई जा सके। एडीसीपी ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सच्चिदानंद ने बताया है कि आने वाले दिनों में वह खुद सड़कों पर उतरकर इस अभियान की वास्तविकता जांचेंगे और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

# संतुलन साधने भारत आए जेडी वेंस

भारत न केवल अमेरिका के लिए बड़ा बाजार, बल्कि बड़ा व्यापारिक साझीदार भी है। अमेरिका के पारस्परिक शुल्क थोपने से भारत के कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, वाहनों के पुर्जे, उच्च-स्तरीय मशीनरी, चिकित्सा उपकरण और आभूषण के क्षेत्र में बड़ा झटका लगने की आशंका बढ़ गई थी, तो अमेरिका के लिए दवा, आभूषण आदि क्षेत्रों में बड़े नुकसान का कयास है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब पारस्परिक शुल्क को लेकर दुनिया भर में अमेरिका के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। चीन के साथ अमेरिका की तनातनी दिनोंदिन तल्ख होती गई है। भारत में भी अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों के कयास लगाए जाने लगे थे। मगर जेडी वेंस के साथ बातचीत से द्विपक्षीय व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा, रणनीतिक और प्रतिरक्षा सहयोग पर कई तरह की आशंकाएं दूर होने की उम्मीद जगी है। इससे यह भी भरोसा बढ़ा है कि आने वाले समय में अमेरिका के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ रहने वाले हैं। हालांकि अमेरिकी प्रशासन के पारस्परिक शुल्क लगाने के फैसले पर भारत ने कभी कोई तीखी टिप्पणी नहीं की। उसने अमेरिकी मंशा के अनुरूप कई चीजों पर शुल्क घटा भी दिए थे। फरवरी में प्रधानमंत्री, ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे, तभी उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पेशकश की थी, जिसे अमेरिका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था।

द्विपक्षीय व्यापार पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। फिलहाल दोनों के बीच व्यापार एक सौ नब्बे अरब डालर है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों के हल की उम्मीद है। हालांकि अभी अमेरिकी प्रशासन ने अपनी शुल्क दरों को लागू करने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी है, पर इससे दुनिया की चिंताएं दूर नहीं हुई हैं। इसके बरक्स चीन ने अपने नए व्यापारिक साझीदार तलाशने शुरू कर दिए हैं। उसने एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। ऐसे में न केवल उन देशों के सामने शुल्क दरें बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता बढ़ गई है, बल्कि चीन के बदलते पैंतरे से अमेरिका के माथे पर भी बल पड़ने शुरू हो गए हैं। भारत के साथ रिश्ते खराब होने से उसे भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता था। मगर भारत ने शुरू से अमेरिका के साथ अपने संबंधों में किसी तरह की ठंडक नहीं आने दी है। वेंस की भारत यात्रा से दो दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने डोनाल्ड ट्रंप के विशेषाधिकार प्राप्त सहयोगी एलन मस्क से फोन पर बातचीत की थी, जिसमें तकनीकी सहयोग और व्यापारिक संबंधों में मजबूती लाने के संकल्प दोहराए गए थे। इस तरह वेंस की भारत यात्रा का आधार पहले से तैयार था और उसी के अनुरूप उन्होंने बातचीत को आगे बढ़ाया है।

# अमेरिका में वित्त मंत्री बोलीं 'विकसित भारत केवल सपना नहीं, एक साझा राष्ट्रीय मिशन'



**नई दिल्ली।** 2047 तक भारत को विकसित बनाने की यात्रा केवल एक आकांक्षा या सपना नहीं है, बल्कि एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले दो दशक में सतत वृद्धि के लिए भारत की कोशिशें एक नए आदर्श पर टिकी है। यह साहसिक सुधारों, बढ़ी हुई घरेलू क्षमताओं और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल रणनीतिक संस्थागत सहयोग पर आधारित है।

उन्होंने कहा, जब हम विकसित भारत की नींव रख रहे हैं, तो हमें वर्तमान वास्तविकताओं को नजरअंदाज किए बिना दीर्घकालिक लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। वैश्विक व्यवस्था बदल रही है। इससे चुनौतियां तो पैदा होती ही हैं, अवसर भी मिलते हैं। हमें चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और अवसरों का लाभ उठाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' बनने की भारत की यात्रा महज एक आकांक्षा नहीं है, बल्कि समावेशी, टिकाऊ और नवाचार आधारित विकास के विजन से प्रेरित एक साझा राष्ट्रीय मिशन है। उन्होंने कहा कि महामारी से हुए नुकसान और बैंकिंग संकट के बावजूद, पिछले दशक में हमारी प्रगति, मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी बातों और स्थिर सुधारों पर आधारित है, जो हमें आगे की राह के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि इसके असर से भारत विश्व की दसवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### भारतीय प्रवासियों ने 2018 और 2023 के बीच 72 यूनिकॉर्न बनाए

इंडियास्पोरा और बीसीजी की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए सीतारमण कहा कि पहली पीढ़ी के भारतीय प्रवासियों ने 2018 और 2023 के बीच 72 यूनिकॉर्न की स्थापना की और इन यूनिकॉर्न का मूल्यांकन कम से कम 195 अरब अमेरिकी डॉलर है। इनमें लगभग 55,000 लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि भारत में 65 प्रतिशत से अधिक वैश्विक क्षमता केन्द्रों (जीसीसी) का मुख्यालय अमेरिका में है। ये जीसीसी अनुसंधान व विकास, प्रबंधन परामर्श और लेखा परीक्षा जैसे क्षेत्रों में उच्च मूल्यवर्धित, विशिष्ट सेवाएं प्रदान करते हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका एक परिपक्व स्टार्ट-अप केंद्र है, जो 50-60 वर्षों में विकसित हुआ है, जबकि भारत की स्टार्ट-अप यात्रा अभी शुरूआती दौर में है। उन्होंने कहा, पिछले दशक के दौरान सरकार का ध्यान विनियामक और ढांचागत बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता के जोखिम उठाने की लागत को कम करने पर रहा है।

### भारत को विकसित बनाने के लिए साहसिक सुधारों की जरूरत

वित्त मंत्री ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों और बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप अनुकूलनीय रणनीतियों के नए दृष्टिकोण की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगले दो दशकों में भारत की विकास गति को बनाए रखने के लिए साहसिक सुधारों, मजबूत घरेलू क्षमताओं, नई संस्थागत साझेदारियों और उभरते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल दृष्टिकोण की आवश्यकता है। भारत ने 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। इस साल देश ब्रिटिश शासन से अपनी स्वतंत्रता के 100वें वर्ष में प्रवेश करेगा।

## 25009 फर्जी कंपनियों ने धोखाधड़ी से पास कराए 61545 करोड़ रुपये के आईटीसी, 168 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय-राज्य जीएसटी अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 61,545 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को धोखाधड़ी से पास करने में शामिल 25,009 फर्जी फर्मों का पता लगाया है। इस अवधि में आईटीसी को रोक कर कुल 1,924 करोड़ वसूले गए और 168 लोगों को गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय व राज्य जीएसटी अधिकारियों ने आईटीसी धोखाधड़ी के जो मामले पकड़े, उनमें दो वित्त वर्षों 2023-24 और 2024-25 के दौरान 42,140 फर्जी कंपनियों का पता चला। इन कंपनियों ने 1.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आईटीसी धोखाधड़ी की। इन दो वित्त वर्षों में आईटीसी को रोक कर कुल 3,107 करोड़ रुपये की वसूली की गई और 316 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। एक अधिकारी ने बताया, केंद्र और राज्य सरकारों व जीएसटीएन (माल एवं सेवा कर नेटवर्क) ने फर्जी आईटीसी दावे रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसमें खुफिया जानकारी मुहैया कराना, फर्जी पंजीकरण का पता लगाना और संदिग्ध ई-वे बिल गतिविधियों को रोकना शामिल है। जीएसटी के तहत आईटीसी का मतलब आपूर्तिकताओं से खरीद पर व्यवसायों की ओर से चुकाए गए करों से है। इसका दावा अंतिम रूप से टैक्स का भुगतान करते समय क्रेडिट या कटौती के रूप में किया जा सकता है।

### सेबी आदेश की समीक्षा के बाद कार्रवाई करेगा कॉरपोरेट मंत्रालय

कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को कहा, वह जेनसोल इंजीनियरिंग घोटाला मामले में कंपनी के खिलाफ सेबी के आदेश की समीक्षा करने के बाद आवश्यक कार्रवाई करेगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले सप्ताह कंपनी के प्रवर्तक बंधुओं अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को विभिन्न मामलों के उल्लंघन के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था। यह आदेश सूचीबद्ध कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग से कर्ज राशि को निजी उपयोग के लिए निकालने के आरोपों के बीच आया है। इसमें कॉरपोरेट प्रशासन व वित्तीय गड़बड़ियों पर चिंताएं जताई गई थी। मंत्रालय ने कहा, वह कंपनी अधिनियम-2013 के प्रावधानों को देखते हुए बाजार नियामक सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहा है। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शेयर बाजार में हरियाली बरकरार, सेंसेक्स 187 अंक मजबूत हुआ, निफ्टी 24160 के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स सूचकांक 187.09 अंक चढ़कर 79,595.59 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.70 अंक बढ़कर 24,167.25 पर बंद हुआ। आइए जानते हैं बाजार का हाल विस्तार से। घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को शुरूआती कमजोरी के बावजूद हरियाली बरकरार रही। 30 शेयरों का बीएसई सेंसेक्स सूचकांक 187.09 अंक चढ़कर 79,595.59 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.70 अंक बढ़कर 24,167.25 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 4 पैसे गिरकर 85.19 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

## सोने की कीमत पहली बार एक लाख के पार, वायदा कीमतों में भी बंपर उछाल



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन के अनुसार दिल्ली में मंगलवार को 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये की उछाल के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई। आइए जानते हैं सराफा एसोसिएशन का हाल। देश में पहली बार सोने की कीमत पहली बार 1 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा एसोसिएशन के अनुसार दिल्ली में मंगलवार को 99.9% शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये की उछाल के साथ एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई। इससे पहले, वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फेडरल रिजर्व में बदलाव की योजना के संकेत दिए जाने के बाद सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बढ़ी। इससे सोने की वायदा कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी का रुख दिखा। मंगलवार को सोने की वायदा कीमतें 2,048 रुपये की तेजी के साथ 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गई।

# भारत की आर्थिक बुनियाद पिछले वैश्विक संकटों की तुलना में मजबूत, टैरिफ जैसी चुनौतियों का सीमित होगा असर

**नई दिल्ली।** रिपोर्ट में हाइब्रिड फंडों में एकमुश्त निवेश और अगले दो-तीन महीनों के लिए लार्जकैप, फ्लेक्सी कैप, मिड और स्मॉलकैप फंडों को लेकर चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया गया है। मोतीलाल ओसवाल ने शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आने पर निवेश की सलाह दी है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और अंतरराष्ट्रीय कमोडिटी बाजारों में दबाव के बीच भारत के वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे पिछले



वैश्विक संकटों के मुकाबले काफी मजबूत दिखाई दे रहे हैं। मोतीलाल ओसवाल ने एक रिपोर्ट में कहा, टैरिफ जैसी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू लचीलेपन और बेहतर राजकोषीय सेहत की बदौलत भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव काफी सीमित रहेगा। हालांकि, आईटी क्षेत्र में सुस्ती और करेंसी वार के बीच चीन से उत्पादों की डंपिंग का मामूली असर देखने को मिल सकता है।

### अर्थव्यवस्था के सभी संकेतक पक्ष में

रिपोर्ट के मुताबिक, मंदी के दौर के बावजूद समग्र आर्थिक संकेतक भारतीय अर्थव्यवस्था के पक्ष में हैं। 2013 के टेपर टैंट्रम जैसे पिछले वैश्विक संकटों से तुलना करें, तो भुगतान संतुलन, राजकोषीय और चालू खाता घाटे जैसे संकेतक मजबूत हैं।

सलाह...बड़ी गिरावट में करें खरीदारी रिपोर्ट में हाइब्रिड फंडों में एकमुश्त निवेश और अगले दो-तीन महीनों के लिए लार्जकैप, फ्लेक्सी कैप, मिड और स्मॉलकैप फंडों को लेकर चरणबद्ध दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- आप यकीन मानिये आपको कभी भी ये याद नहीं रहेगा की आपका सपना कहाँ से शुरू हुआ था।
- दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं, जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।
- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी भी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- दुनिया में 85% लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं, जो वो अपने जीवन में करना चाहते हैं।
- एक माँ अपने बच्चे के वजन का तकरीबन सही अंदाजा लगा सकती है, जबकि पिता उसकी लंबाई का।
- यदि एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो, तो वो कार से दोगुनी तेजी से दौड़ेगी।
- आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नहीं बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जीवन में कभी न कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।
- खुश रहने वाले लोगों की तुलना में परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।
- आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे, हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।

## राशिफल

**मेष:** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी।

**मिथुन:** लेन-देन के कार्य सावधानीपूर्वक करें। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। रुका हुआ धन मिल सकता है।

**कर्क:** चोट व रोग से स्वास्थ्य पर व्यय हो सकता है। किसी दुष्ट व्यक्ति के प्रयास हानि पहुंचाने के हो सकते हैं। आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी।

**सिंह:** किसी कार्य के प्रति चिंता हो सकती है। आशंका-कुशंका के चलते कार्यक्षमता प्रभावित प्रभावित हो सकती है। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**कन्या:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। किसी से बेवजह विवाद हो सकता है। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। भावना में बहकर कोई निर्णय न लें।

**तुला:** दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**वृश्चिक:** भूमि-भवन व दुकान-फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। किसी बड़े सौदे से बड़ा लाभ हो सकता है।

**धनु:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती है। विद्वान व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मकर:** वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी समस्या में उलझ सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। नकारात्मकता में वृद्धि होगी। दु:खद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। पहले की गई मेहनत का फल मिलेगा। समाजसेवा करने की इच्छा जागृत होगी।

**मीन:** बाहर से मेहमानों का आगमन हो सकता है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नए संपर्क बनेंगे।

## चुटकुले

एक लड़का रेलवे में इंटरव्यू देने गया,
बॉस- अगर दो ट्रेन एक ही पटरी पर आमने सामने आ रहीं हो तो क्या करोगे,
लड़का- लाल झंडा दिखा दूंगा,
बॉस- अगर झंडा नहीं मिला तो,
लड़का- तो टॉर्च दिखा दूंगा,
बॉस- अगर टॉर्च भी न मिली तो?
लड़का- अपनी लाल शर्ट उतार कर दिखा दूंगा,
बॉस- और तुम्हारी शर्ट भी लाल ना हो तो?
लड़का- तो मैं अपनी बुआ के लड़के को फोन करके बुलाऊंगा
बॉस- वो क्यों?
लड़का- क्योंकि उसने कभी 2 ट्रेनों की टक्कर नहीं देखी।

---

किसी शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया।
एक बच्चा ये देख रहा था, उसने अपने पिता से पूछा - पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं ?
पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं !!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बुमराह बने विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर

## महिलाओं में स्मृति मंधाना को मिला यह खिताब, वेस्टइंडीज के पूरन टी-20 में बेस्ट क्रिकेटर



**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह और महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनैक 2025 से सम्मानित किया गया है। बुमराह को पुरुष क्रिकेटर का और मंधाना को वुमन कैटेगरी में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर घोषित किया गया है। वहीं बेस्ट टी-20 क्रिकेटर का सम्मान वेस्टइंडीज के विकेटकीपर निकोलस पूरन को दिया गया है।

1889 से दिया जा रहा है यह अवॉर्ड विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड क्रिकेट का सबसे पुराना इंडिविजुअल अवॉर्ड है। 1889 से हर साल यह लिस्ट विजडन जारी कर रहा है, जिसका सिलेक्शन पिछले सीजन में परफॉर्मेंस के आधार पर किया जाता है। कोई भी खिलाड़ी एक बार से ज्यादा बार यह अवॉर्ड नहीं जीत सकता है। बुमराह को बताया स्टार ऑफ द ईयर बुमराह को विजडन के संपादक लॉरेंथ बूथ ने स्टार ऑफ द ईयर बताया। बुमराह ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में 20 से कम औसत से 200 विकेट लेने वाले इतिहास के पहले टेस्ट गेंदबाज बनें। बुमराह ने अब तक 45 टेस्ट मैच में 19.40 की औसत से 204 विकेट ले चुके हैं।

वहीं जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में बुमराह ने अकेले ही 13.06 की औसत से 32 विकेट चटकाए थे। बूथ ने बुमराह को सभी समय का सबसे महान खिलाड़ी माने जाने का दावा भी किया।

मंधाना ने 2024 में सभी फॉर्मेट में 1600 से ज्याद रन बनाए स्मृति मंधाना को विजडन ने दुनिया की बेस्ट महिला खिलाड़ी माना है। उन्होंने 2024 में सभी फॉर्मेट में 1659 रन बनाएं, जो कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के एक कैलेंडर वर्ष में किसी महिला खिलाड़ी की ओर से बनाए गए सबसे अधिक रन हैं। इसमें वनडे में चार शतक भी शामिल हैं। वहीं मंधाना ने पिछले साल जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दस विकेट की जीत में दूसरा टेस्ट शतक (149) लगाया था।

पूरन ने 2024 में टी-20 में142 की स्ट्राइक से 464 रन बनाएं निकोलस पूरन को लीडिंग टी 20 प्लेयर का अवॉर्ड मिला। उन्होंने साल 2024 में 21 मैच खेलते हुए 464 रन बनाए और इस दौरान उनका औसत 25 और स्ट्राइक रेट 142 का रहा। पूरन मौजूदा समय में क्छछ में शानदार परफॉर्मेंस कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 8 मैच खेलते हुए लखनऊ के लिए 368 रन बना लिए हैं।

वर्ष के पांच क्रिकेटर में सरे के तीन खिलाड़ी इस बार विजडन के वर्ष के पांच क्रिकेटर में सरे काउंटी के तीन खिलाड़ी गस एटकिन्सन, जेमी स्मिथ और डैन वॉरल को शामिल किया है।



## शुभमन गिल में महान कप्तान बनने के सभी गुण मौजूद



**मुंबई।** आईपीएल 2025 में सोमवार को गुजरात टाइटंस ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर इस सीजन की अपनी छठी जीत दर्ज की। टीम आठ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कप्तान शुभमन गिल के 90 रन की बदौलत गुजरात ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाए। जवाब में कोलकाता की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। गिल को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। अब गुजरात से खेलने वाले अफगानिस्तान के दिग्गज स्पिनर राशिद खान ने गिल की तारीफ की है और कहा है कि उनमें एक महान कप्तान बनने के सभी गुण हैं।

राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है और गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने और साहसिक फैसले लेने का शानदार मौका है। राशिद ने जियो हॉटस्टार की खास सीरीज 'जेन गोल्ड' में कहा, 'एक लीडर के तौर पर गिल का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचते हैं और खेल को समझते हैं उसमें भी वह शानदार हैं।'

# बीमारी के कारण सुदीरमन कप से हटी सात्विक-चिराग की जोड़ी



**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सोमवार को बीमारी के कारण बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल्स से हटने का फैसला किया। ऐसे में 27 अप्रैल से चार मई तक चीन के शियामेन में होने वाली मिश्रित टीम चैंपियनशिप में देश की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया की 11वें नंबर की भारतीय जोड़ी को चोट के बाद वापसी करनी थीस लेकिन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने घोषणा की कि सात्विक और चिराग इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे। बीएआई ने सोमवार को कहा, 'पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बीमारी के कारण बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल 2025 से नाम वापस ले लिया है। उनकी जगह टीम में किसी अन्य जोड़ी को नहीं भेजा जाएगा।' चिराग को मार्च में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर के दौरान पीठ में चोट लग गई थी। हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासबापति की युवा जोड़ी पुरुष युगल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय के साथ भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगी जबकि लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय पुरुष एकल में जिम्मेदारी संभालेंगे।

प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी महिला युगल में प्रतिस्पर्धा करेगी। मिश्रित युगल में भारत दो जोड़ियां उतारेगा जिसमें ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो (एशिया चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची) तथा सतीश कुमार और आद्या वरियाथ शामिल हैं। इससे पहले बीएआई ने चोट के कारण गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की महिला युगल जोड़ी को बाहर कर दिया था। भारत ने अपनी समग्र विश्व रैंकिंग के आधार पर टूनार्मेंट के लिए क्वालीफाई किया है। देश को पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक मजबूत इंग्लिश टीम के साथ चुनौतीपूर्ण ग्रुप डी में रखा गया है।

# विश्व कप में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में पदक से चूकीं ओलंपिक पदक विजेता भाकर, सिमरनप्रीत को रजत



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बरार ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक के साथ अपना पहला सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक जीता, जबकि पेरिस ओलंपिक की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर पेरू के लीमा में जारी आईएसएसएफ विश्व कप में सोमवार को चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं।

भारत की 20 वर्षीय सिमरनप्रीत ने 10 रेपिड फायर सीरीज में 33 हिट लगाए और वह चीन की सुन युजी से सिर्फ एक शॉट पीछे रहीं जिन्होंने इस स्पर्धा में अपना लगातार दूसरा विश्व कप स्वर्ण जीता। चीन की एक अन्य निशानेबाज याओ कियानशुन ने 29 हिट के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह भारत का प्रतियोगिता में चौथा रजत है। इसके अलावा दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक भी भारत ने जीते हैं। अर्जेंटीना में पिछले विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली ईशा सिंह छठे स्थान पर रहीं। पहली सीरीज के बाद ही चीन की खिलाड़ी शीर्ष पर पहुंच गईं जबकि भारतीय निशानेबाजों ने दूसरी सीरीज से ही अपनी लय हासिल कर ली। छठी सीरीज में मनु और सिमरनप्रीत दोनों ने पांच-पांच शॉट लगाए जबकि ईशा ने चार निशाने लगाए। इसके बाद मनु, ईशा और जर्मनी की डोरेन वेनकेम्प के बीच शूट ऑफ हुआ। ईशा सबसे पहले बाहर हो गईं। इसके बाद मनु ने दूसरे शूट ऑफ में डोरेन को पछाड़कर शीर्ष चार में जगह बनाई।

मनु हालांकि अगली सीरीज के बाद एक अंक से पिछड़कर बाहर हो गईं। इससे पहले मनु, मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा और सिमरनप्रीत की तिकड़ी ने फाइनल में जगह सुनिश्चित की। मनु 585 अंक के साथ क्वालिफाइंग में दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत ने 580 अंक के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। ईशा ने 575 अंक हासिल कर आठवां और अंतिम क्वालिफाइंग स्थान अपने नाम किया।

### मनु को 10 मीटर एयर पिस्टल में मिला था रजत

इससे पहले मनु 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भी स्वर्ण से चूक गई थीं। युवा निशानेबाज सुरुचि इंदर सिंह ने मनु को हराकर लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता था। 18 साल की सुरुचि ने हाल ही में ब्यूनस आयर्स में साल के पहले विश्व कप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। उन्होंने लीमा विश्व कप में 24 शॉट के फाइनल में 243.6 का स्कोर बनाया और मनु को 1.3 अंक से हराकर स्वर्ण पर कब्जा जमाया था।



## गुजरात-कोलकाता के मैच में कमेंट्री करते नहीं दिखे हर्षा भोगले-साइमन डूल, भारतीय कमेंटेटर ने बताई वजह





**मुंबई।** आईपीएल 2025 में ईडन गार्डेंस की पिच को लेकर विवाद बढ़ गया है। कमेंटेटर हर्षा भोगले और साइमन डूल द्वारा पिच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी की आलोचना के बाद बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने एक्शन लिया। उन्होंने बीसीसीआई को इसकी शिकायत की और केकेआर के घरेलू मैचों में उनसे कमेंट्री नहीं करवाने को कहा। इसी कड़ी में सोमवार को केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच मुकाबले के दौरान दोनों अंग्रेजी कमेंट्री पैनल में मौजूद नहीं रहा। अब इस मामले पर हर्षा भोगले का बयान सामने आया है। भोगले ने उन अटकलों को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें सीएबी की शिकायत के कारण केकेआर-जीटी मैच से दूर रखा गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें कोलकाता में केवल दो मैचों के लिए पैनल में शामिल किया गया था, जो खत्म हो चुके हैं।

डूल और भोगले द्वारा ईडन गार्डेंस के पिच क्यूरेटर की सार्वजनिक आलोचना पर बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) कड़ी आपत्ति जताई थी। सीएबी ने साथ ही दोनों क्रिकेट विशेषज्ञों की बीसीसीआई से शिकायत करते हुए बोर्ड से अनुरोध किया था कि इन दोनों को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के घरेलू मैचों के लिए कमेंट्री की जिम्मेदारी नहीं सौंपी जाए। दिलचस्प बात यह है कि सोमवार को केकेआर और गुजरात टाइटंस के बीच खेले गए मैच के दौरान न तो भोगले और न ही डूल कमेंट्री पर थे।

भोगले का यह बयान सीएबी के सचिव नरेश ओझा के लगभग 10 दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को भेजे गए पत्र के मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आने के एक दिन बाद आया है। पत्र में सीएबी ने ईडन गार्डेंस में मैचों के कमेंट्री पैनल से हटाने के लिए कहा था। भोगले ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इसको लेकर कुछ अनुचित निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं कि मैं केकेआर-जीटी के मैच में के लिए कोलकाता में क्यों नहीं था। सीधे शब्दों में कहें तो, यह उन मैचों की सूची में नहीं था जिनमें मुझे कमेंट्री करनी थी।'

दरअसल, यह विवाद इस सीजन के पहले मैच से ही शुरू हुआ था। पहले मैच में ईडन गार्डेंस में केकेआर का सामना आरसीबी से हुआ था। केकेआर का प्रदर्शन इस मैच में खराब रहा था और आरसीबी से उन्हें हार मिली थी। इसके बाद टीम अपने घरेलू मैदान पर शुरूआती तीन में से दो मैच हार गई थी।

### 'आईपीएल शुरू होने से पहले रोस्टर तैयार किया जाता है'

उन्होंने कहा, 'मुझसे पूछने से समस्या का समाधान हो जाता। टूनार्मेंट शुरू होने से पहले ही रोस्टर तैयार कर लिया जाता है। मुझे कोलकाता में दो मैचों के लिए चुना गया था। मैं पहले मैच के लिए वहां था और परिवार के सदस्य की बीमारी के कारण दूसरे मैच के लिए नहीं पहुंच पाया था।' केकेआर को सोमवार को ईडन गार्डेंस में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस से 39 रन से हार का सामना करना पड़ा था। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे और मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित दोनों ने अपने घरेलू मैदान पर स्पिनरों के अनुकूल पिच नहीं मिलने पर निराशा व्यक्त की थी।

# कोलकाता को हराकर टेबल टॉपर बनी गुजरात टाइटंस

## छठा मैच जीता, कप्तान शुभमन ने 90 रन बनाए, प्रसिद्ध-राशिद को 2-2 विकेट





**कोलकाता।** बेहतरीन बॉलिंग के दम पर गुजरात टाइटंस ने क्छछ के 18वें सीजन में छठा मैच जीत लिया। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 39 रन से हराया, इसी के साथ टाइटंस पॉइंट्स टेबल में टॉप पर भी पहुंच गई। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने 2-2 विकेट लिए। कप्तान शुभमन गिल ने 90 रन बनाए।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में कोलकाता ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 3 विकेट खोकर 198 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 52 और जोस बटलर ने 41 रन बनाए। जवाब में ङफ8 विकेट के नुकसान पर 159 रन ही बना सकी। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 50 रन बनाए।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात टाइटंस को कप्तान शुभमन गिल ने मजबूत शुरूआत दिलाई। उन्होंने साई सुदर्शन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की। सुदर्शन के विकेट के बाद गिल ने 90 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 10 चौके और 3 छक्के लगाए। पावरप्ले में बॉलिंग करने आए राशिद ने पहले ओवर में सुनील नरेन को पवेलियन भेजा। उन्होंने मिडिल ओवर्स में फिर आंद्रे रसेल का बड़ा विकेट भी लिया। डेथ ओवर्स में प्रसिद्ध ने बेहतरीन बॉलिंग की। उन्होंने 1 ही ओवर में रमनदीप सिंह और मोईन अली को पवेलियन भेजा। शुभमन के साथ ओपनिंग करने उतरे सुदर्शन ने सीजन की पांचवीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने कप्तान शुभमन के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप भी की।

199 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने पावरप्ले में टीम को संभाला, लेकिन वे 50 रन बनाकर आउट हो गए। उनके विकेट के बाद टीम संभल नहीं सकी और मैच गंवा दिया। कोलकाता को आखिरी 5 ओवर में 85 रन चाहिए थे। यहां राशिद खान बॉलिंग करने आए, उन्होंने ओवर में महज 5 रन दिए और आंद्रे रसेल को पवेलियन भी भेज दिया। अगला ओवर प्रसिद्ध कृष्णा फेंकने आए, उन्होंने भी 5 ही रन दिए और 2 विकेट झटक लिए। प्रसिद्ध और राशिद की बॉलिंग के सामने ङफकी बैटिंग टिक नहीं सकी। दोनों ने 2-2 विकेट लिए। शुभमन और सुदर्शन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

गुजरात के साई सुदर्शन टूनार्मेंट के टॉप रन स्कोरर हैं, उनके नाम 417 रन हो गए। गुजरात के ही प्रसिद्ध कृष्णा 16 विकेट लेकर टूनार्मेंट के टॉप विकेट टेकर हैं। 18वें सीजन में छठा मैच जीतकर टाइटंस पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई। ङफ ने पांचवां मैच गंवाया, टीम अब भी 7वें नंबर पर है। टीम ने 3 ही मैच जीते हैं।

# 'आत्ममुग्धता और आराम से बचें', कप्तानी और टेस्ट में भविष्य पर इस महान क्रिकेटर की रोहित को सलाह





**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज और फिर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद से कप्तान रोहित शर्मा की क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में खेलने को लेकर खूब आलोचना हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह बातें भी सामने आईं कि रोहित टेस्ट को अलविदा कह देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उन्होंने खुद इसका खंडन किया। अब 37 साल के रोहित को ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर स्टीव वॉ ने टेस्ट को लेकर सलाह दी है। स्टीव वॉ का मानना है कि आलोचनाओं का सामना कर रहे रोहित को अगर भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें आत्ममुग्ध नहीं होना चाहिए और आराम नहीं करना चाहिए।

भारत का अगला असाइनमेंट इंग्लैंड के खिलाफ जून में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज है। इस सीरीज की शुरूआत के साथ टीम इंडिया अपने 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरूआत करेगी। कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि रोहित को इस सीरीज के लिए कप्तानी से हटा दिया जाएगा और जसप्रीत बुमराह को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। रोहित के भविष्य को लेकर उठ रहे सवालों के बीच वॉ ने कहा कि भारत की कप्तानी का फैसला रोहित को खुद करना चाहिए।

स्टीव वॉ ने कहा, 'कप्तानी का फैसला पूरी तरह से उन पर निर्भर है। वह अकेले ही इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। उन्हें खुद को आईने में देखना होगा और कहना होगा कि क्या मैं अब भी कप्तान बनना चाहता हूं या भारत के लिए खेलना चाहता हूं? क्या मैं प्रतिबद्ध हूं? क्या मैं इसके लिए पर्याप्त समय और प्रयास कर रहा हूं? अपने देश के लिए खेलना एक सौभाग्य और सम्मान की बात है।'

'लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी' के सदस्य वॉ ने कहा, 'आप आत्मसंतुष्ट या आराम से नहीं रह सकते।' रोहित 30 अप्रैल को 38 वर्ष के हो जाएंगे। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली तीन टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन खराब रहा था। उन्होंने खराब फॉर्म का हवाला देते हुए इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से बाहर होने का फैसला किया था।

भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में 3-0 से और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। सोमवार को बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की सूची जारी की थी। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की ए+ श्रेणी में बरकरार रखा गया। रोहित, विराट और जडेजा टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन इन्हें ग्रेड-ए+ में बरकरार रखा गया है। यानी ये तीनों आगे कुछ समय तक बीसीसीआई के प्लान में होंगे।

# 'घरेलू मैदान पर खेलने का कोई खास फायदा नहीं'



**मुंबई।** आईपीएल 2025 होम और अवे प्रारूप में तो खेला जा रहा है, लेकिन इस साल टीमें अपने घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने में कामयाब नहीं हो सकी हैं। ज्यादातर टीमों को अपने घर और बाहर दोनों जगह हार का सामना करना पड़ा है। इसी कड़ी में दिल्ली कैपिटल्स के उभरते क्रिकेटर विपराज निगम ने कहा है कि आईपीएल में घरेलू मैदान पर मैच खेलने का टीमों को ज्यादा फायदा नहीं मिलता। आईपीएल 2025 में अब तक 39 मैच खेले जा चुके हैं। दिल्ली का सामना आज इकाना स्टेडियम में लखनऊ से है।

आईपीएल में पहले ऐसा होता था कि टीमें अपने घर पर मन मुताबिक पिच तैयार करती थी और उन्हें इसका फायदा भी मिलता था। बाहर से हारकर आने के बाद टीमों के पास यह विश्वास होता था कि वह घर पर सात में से ज्यादा से ज्यादा मैच जीत जाएंगी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, चेन्नई सुपरकिंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स जैसी टीमों को मौजूदा सत्र में घरेलू मैदान पर दबदबा बनाने में मुश्किल हो रही है।

# नगर आयुक्त ने वबाग, जलकल और जल निगम अधिकारियों की लगाई क्लास

## सीवर समस्या के समाधान को लेकर कार्रवाई में जुटा निगम, वबाग कंपनी का बदला गया प्रोजेक्ट मैनेजर, नगर आयुक्त ने टीम को दिए कड़े निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम मुख्यालय पर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना तथा सीवर समस्या के समाधान हेतु जलकल विभाग, जल निगम तथा वबाग टीम के साथ संयुक्त रूप से बैठक की गई अभी उपस्थित संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए 10 दिन के भीतर बेहतर रिजल्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। मौके पर महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, सहायक अभियंता जलकल आश, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार अधिशासी अभियंता जल निगम अरुण प्रताप व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 10 दिन में सीवर तथा पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिए सख्त निर्देश

नगर आयुक्त द्वारा बैठक के दौरान सभी उपस्थित अधिकारियों से बड़ी-बड़ी प्रत्येक वार्ड में चल रही कार्यवाही के बारे में जानकारी ली गई साथ ही कार्यों को रफ्तार देने के लिए कहा गया माननीय पार्षदों तथा जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र में कार्यवाही को तेजी से करने तथा चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग प्रबल करने के निर्देश दिए गए इसी क्रम में सीवर संबंधित समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई, वाबेग कंपनी के पुराने प्रोजेक्ट मैनेजर को हटाते हुए नए प्रोजेक्ट मैनेजर को गाजियाबाद में लाया गया तथा सीवर समस्या के समाधान हेतु योजना बनाते हुए 10 दिन के भीतर बेहतर रिजल्ट प्रस्तुत करने के लिए नए प्रोजेक्ट मैनेजर वाबेग अनुज त्रिपाठी को निर्देशित किया गया, जोन वार सभी वाबेग की टीम से चल रहे कार्यों में सरलता लाने तथा तेजी से समस्याओं के समाधान पर निर्देश दिए गए।

### पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए मॉनिटरिंग बढ़ाएं अधिकारी : नगर आयुक्त

नगर आयुक्त द्वारा मुख्य रूप से जल निगम अधिकारियों को विजयनगर क्षेत्र में गंगाजल की कार्यवाही को तेज करने के लिए निर्देशित किया गया, 5 दिन के भीतर निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए भी निर्देश दिए गए, इसके अलावा गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग को माननीय सदन के द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में वर्तमान में कार्य कर रही कंपनी रावेल, राज इलेक्ट्रिकल्स, सर्वेश इंजीनियर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा गया। उपस्थित जलकल विभाग जल निगम तथा अन्य टीम को भी पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए गए।

---

## महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का संयुक्त एक्शन

# 15 अवैध डेरियों पर की कार्रवाई, 7 लाख 50 हजार का वसूला जुर्माना



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अवैध डेरियों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है जिसके क्रम में मोहन नगर जोन अंतर्गत बड़ी कार्रवाई विभाग द्वारा की गई है। एक साथ 15 अवैध डेरी पर अभियान चलाया गया जिसमें लगभग 7,50,000 का जुर्माना भी वसूला गया। अभियान के दौरान पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ आशीष त्रिपाठी, जोनल प्रभारी मोहन नगर, प्रवर्तन दल टीम भी उपस्थित रही।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि नाले में गोबर बहाने तथा गंदगी फैलाने की शिकायत पसोंडा क्षेत्र से लगातार प्राप्त हो रही थी जिस पर दिनांक निर्धारित करते हुए अभियान चलाया गया मौके पर लगभग 100 पशुओं को पकड़ा गया जिसमें नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए अवैध डेयरी चलाने वालों पर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही भी की गई इसके अलावा 10 रुपए के स्टांप पेपर पर एक माह के भीतर डेरी हटाने का शपथ पत्र भी दिया गया, महापौर तथा नगर आयुक्त की निर्देश के क्रम में शहर में लगातार अभियान जारी है जिसको दिनांक निर्धारित करते हुए नियम अनुसार कराया जा रहा है।



### अवैध डेरी चलाने वाले डेरी संचालकों के पशुओं की विभाग करें नीलामी : नगर आयुक्त



महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहर की स्वच्छता को बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर कार्यवाही चल रही है जिसके क्रम में ऐसी डेरी जो अवैध रूप से उन पर अभियान चलाया जा रहा है साथ ही गोबर ना बहाने तथा गंदगी ना फैलाने के लिए भी हिदायत दी जा रही है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मोहन नगर जोन अंतर्गत बड़ी कार्यवाही की गई है जिससे आसपास के क्षेत्रवासियों को राहत है, ऐसे डेरी संचालक जिनके द्वारा अवैध रूप से डेरी चलाई जा रही है कार्यवाही तथा हिदायत के बाद भी लगातार लापरवाही बरती जा रही है उनके पशुओं की नीलामी भी गाजियाबाद नगर निगम के संबंधित विभाग द्वारा की जाए नगर आयुक्त द्वारा टीम को निर्देश दिए गए हैं।

---




### अवर अभियन्ता ने तय कर दिया जनप्रतिनिधि की निधि से उनका हिस्सा

किस्सा इंटरलॉकिंग टाईल, नाली-खडंजे से जुड़ा है और किस्से में 30 परसेंट का हिस्सा गूंज रहा है। टेंडर के रेट तो ब्लो होते सुने थे लेकिन यहां तो कमीशन का रेट डबल से भी हाई हो गया। महकमा सूत्र बताते हैं कि हमारे यहां तो सामान्यता कमीशन का रेट 12 परसेंट चल रहा है। 15 तक भी हो जाता है लेकिन उससे आगे नहीं जाता है। किसी जनप्रतिनिधि की सवा खोखे की निधि विकास में लगनी है। अब जो अवर अभियन्ता है उन्होंने साहब को बता दिया कि विकास के हम ही तो नीति नियंता है। सुना है कि स्मॉल इंडस्ट्री वलो ने जेई साहब ने सीधे जनप्रतिनिधि को ही अप्रोच कर लिया। विभागीय भाषा में जो फीस जानी थी उसे सीधे 30 कर दिया। तय हो गया कि आप 30 पकड़ो बाकी हम देख लेंगे। सुना है कि 30 वाली फीस से जनप्रतिनिधि इनते खुश हुए कि उन्होंने सारी निधि ही अवर अभियन्ता को सौंप दी और कहा कि आप जानों किस विधि लगनी है। मामले में पारदर्शिता रहे इसलिए 8-8 लाख के दो काम तो दूसरों को दिये गये हैं और बाकी काम का टेंडर फाईल समेत जेई ने ले लिया है।

### पार्षद नंबर एक दो तीन और स्कूल की नाली खुलने का सीन

मामला उस वार्ड का है जहां एक पार्षद को जनता ने जिताया। एक पार्षद अपने आप ही विकास के लिए भागा फिर रहा है और एक पार्षद अभी से तैयारी कर रहा है। अब वो जमाने चले गये जब ये समझते थे कि पार्षद का काम सीवर, नाले की सफाई कराना है। अब तो अगर पार्षद का काम स्कूल वाले ने नहीं किया तो वो स्कूल की नाली और सीवर जाम करा दे। सुना है वार्ड के मैम्बर ने स्कूल वालों से एडमिशन के लिए कहा और स्कूल वालों ने मैम्बर के कहने पर एडमिशन नहीं किया। मैम्बर ने अपनी ताकत दिखाई और स्कूल की नाली बंद करा दी। सुना है कि सफाई वालों से भी कह दिया कि 100 मीटर इधर और 100 मीटर उधर मामला जाम ही रहने देना है। अब पोलिटिक्स केवल पार्षद ही नहीं जानते हैं। स्कूल वाले भी सियासी खिलाड़ी हो रहे हैं। सुना है स्कूल की वाईस प्रिंसिपल इसी वार्ड में रहती है और उसे पता था कि वार्ड में एक नहीं तीन पार्षद हैं। उसने निर्वाचित पार्षद को छोड़ा और स्वयंभू पार्षदों को पकड़ लिया। सुना है कि दोनों पार्षदों ने तत्काल प्रभाव से पहले तो नाली साफ करा दी और सुना है कि अब टूटी नाली को रिपेयर भी करा रहे हैं। स्कूल वाले भी कम नहीं है और वो भी फूल वालों की आपसी फूट का फुल लाभ इस तरह से उठा रहे हैं।

### केवल भैया के दम पर नहीं पार होने वाली है महानगर की टीम वाली नैय्या

भाजपा की महानगर टीम का गठन होना है और रौनक मेला गाजियाबाद के अशोक नगर से लेकर दिल्ली के अशोका रोड तक लग रहा है। कई चतुर सुजान तो ऐसे हैं जिन्होंने ध्वज प्रणाम वालों के चरण पकड़ लिये हैं। उन्हें लग रहा है कि अलाने जी भाईसाहब और फलाने जी भाईसाहब के फोन पर काम हो जायेगा। कुछ को लग रहा है कि भैया के ही इर्द गिर्द घूमने से हम उनके शागिर्द हो जायेंगे और टीम में आ जायेंगे। कुछ ऐसे हैं जो ये मानकर चल रहे हैं कि सीन ऐसा है कि इनके हाथ में कुछ खास है नहीं। लिहाजा वो प्रदेश और क्षेत्र पर फोकस कर रहे हैं। उनका कहना है कि यहां ताजपोशी होते ही नाम फाईनल होंगे और गाजियाबाद वाले देखते रह जायेंगे और हम घोषित होकर आ भी जायेंगे।

---

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रशासनिक दक्षता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम : मयंक गोयल

## एक राष्ट्र - एक चुनाव के समर्थन में व्यापारियों की संगोष्ठी सम्पन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के गंज क्षेत्र स्थित व्यापारी नेता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के कार्यालय पर सोमवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में एक विशेष व्यापारी संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गाजियाबाद के अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल व्यापार संगठन से जुड़े व्यापारियों ने भाग लिया और मयंक गोयल का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। संगोष्ठी व्यापारी नेता एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक हस्ताक्षर ज्ञापन पत्र, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं समन्वयक सरदार एस.पी. सिंह को सौंपा गया। इस ज्ञापन में एक राष्ट्र, एक चुनाव की मांग को लेकर हस्ताक्षर द्वारा समर्थन व्यक्त किया गया।

इस दौरान समन्वयक सरदार एसपी सिंह ने कहा एक राष्ट्र, एक चुनाव की पहल देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे : संजय गुप्ता, राजेश बंसल, संजय बिंदल, देवानंद कश्यप, विकास, दीपक वर्मा, नितिन मित्तल, और रोहित गौतम एडवोकेट, सुनील, अशोक कुमार, रविंद्र चौधरी, अनिल गुप्ता, गोविंद सिंह, सोनू जैन, गौरव चौधरी, सुनील साहब, मोहम्मद इमरान रिजवान, सत्येंद्र कुमार गर्ग, अनुज कुमार गुप्ता, विनोद कुमार, मोनू तिवारी, अमित कुमार, अभिनेंद्र वर्मा, पिंटू, राजकुमार, अमित, अमल किशोर, रामकुमार, जितेंद्र तिवारी, संदीप कुशवाह, पप्पू, दिनेश कुमार, नरेंद्र कुमार, सुंदरलाल, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार गर्ग, सानू प्रधान, अमन सिसोदिया, अमित कुमार गुप्ता, हरीश, अनिल कुमार, विकास कुमार, अभिषेक, मुकेश अग्रवाल, अनिल गौतम, राजेश, रमेश चंद, रिंकू सिंह, दीपक अग्रवाल, कुंज बिहारी गोस्वामी, नवीन गौतम, प्रकाश शर्मा, रमेश शर्मा, रवि शर्मा, मंजूर भाई, सोनू सैनी, नरेंद्र कुमार बिल्लू आदि भी अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को सफल बनाने में सहभागी रहे।



### मयंक गोयल ने व्यापारी वर्ग से मुहिम से जुड़ने की अपील की

करंट क्राइम। इस अवसर पर मयंक गोयल ने कहा : एक राष्ट्र, एक चुनाव समय, संसाधन और प्रशासनिक दक्षता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। व्यापारियों का समर्थन इस अभियान को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

---

## असिस्टेंट प्रोफेसर ने कर्ज से परेशान होकर की आत्महत्या, ऑनलाइन ट्रेडिंग की लत ने ले ली जान

**मोदीनगर करंट क्राइम।** शहर के प्रसिद्ध मुलतानीमल मोदी पीजी कॉलिज के एक सहायक प्रोफेसर ने कर्ज से परेशान होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। तीन दिन पहले हुई घटना की शिकायत लेकर थाने पंहुची उनकी पत्नी ने पुलिस अधिकरियों को आपबीती बताई ऑनलाइन ट्रेडिंग की लत से उन पर 60 लाख से अधिक का कर्जा हो गया था। कर्जा देने वाले लगातार अपने रुपये लौटाने के लिए दबाव बना रहे थे। जिससे दु:खी हो प्रोफेसर ने मौत का रास्ता चुना। मंगलवार को उनकी पत्नी ने कॉलेज के ही एक प्रोफेसर, लाइब्रेरियन व कर्मचारी पर उधारी लौटाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।




## जल्द मिलेगा ऑफिस वालों को सरप्राइज

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते एक सप्ताह के दौरान नए-नए फरमान और नए अभियान शुरू हो रहे हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर की सोशल पुलिसिंग की जगह-जगह चर्चा और तारीफ शुरू हो गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिसकर्मियों को कई सरप्राइज भी मिलने वाले हैं। जिस तरीके से सोमवार को पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद के तीनों जोन को मिलाकर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को लाइन भेजा गया है। तो अब सुनने में आ रहा है कि लंबे समय से खास कार्यालयों और पुलिस ऑफिस से लेकर लाइन में जमे अच्छा काम करने वाले पुलिसकर्मियों के अच्छे दिन आएंगे और उन्हें सरप्राइज पोस्टिंग भी मिलेगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि कुछ ऐसे नाम भी तलाशे जा रहे हैं जो वर्किंग में बेहतर हो और उनका वर्किंग रिकॉर्ड भी मांगा जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से पेठा नगरी में पुलिस कमिश्नरेट की यातायात व्यवस्था को संचालित किया गया था, उसी तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को भी चलाया जा रहा है। जहां ट्रैफिक पुलिस की मनमानी पर रोक लगाने के साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा मुकदमे लिखवाने, नाम हटाने, नाम बढ़ाने के नाम पर विभाग की छवि खराब ना हो ,इसके लिए भी सख्त फैसले लिए जा रहे हैं। तो वहीं यातायात में सबसे बड़ी अवरोध बनने वाले ऑटो चालकों को भी सबक सिखाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। यातायात की जैसी व्यवस्था पुराने कमिश्नरेट में बदली, उसे बेहतर बनाने का जिम्मा वर्तमान गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर ने नाम रहा है। तो वहीं आने वाले दिनों में यहां की स्थिति भी बदलने वाली है, ऐसा दावा किया जा रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि एक साल, डेढ़ साल और महीनों से अलग-अलग कार्यालयों में जम वर्किंग के लिहाज से बेहतरीन पुलिसकर्मियों को भी छांटने का काम हो रहा है ताकि उनको उपयुक्त स्थान पर भेजा जा सके और पुलिस कमिश्नरेट में विवेचनाओं से लेकर वर्किंग बेहतर नजर आए। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में कई और नए अभियान और ऐसे फरमान सुनाए जाएंगे, जिससे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सुधार और बदलाव वाला सीन नजर आएंगे। वहीं देखना होगा कि थाने वाले प्रभारियों को लेकर भी कई दिशा-निर्देश और आदेश आ जारी होने हैं।




---

# डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल-2023 के विरोध में तहसील पर प्रदर्शन




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारत परिषद ने केंद्र सरकार की ओर से पारित डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल-2023 के विरोध में तहसील पर प्रदर्शन कर विरोध जाहिर किया ओर इस बिल में सूचनाधिकार अधिनियम-2005 में किये गये संशोधन को वापिस लेने की मांग की हैं।

भारत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव योगेंद्र बल्हारा व मुलतान शर्मा के नेतृत्व व संस्था के पदाधिकारियों ने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल में किये गये संशोधन को लेकर प्रदर्शन कर विरोध जाहिर किया। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि संस्था के अथक प्रयास से वर्ष 2005 में देश के नागारिको को भ्रष्टाचार से निपटने के लिये यह जनाधिकार कानून बना था, लेकिन वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार ने बिल संशोधन किया है, जिससे पारित बिल निजता के अधिकार ओर सूचना के अधिकार के बीच संतुलन नही बन पा रहा हैं। यह मौलिक अधिकारों का हनन हैं। इस बिल को जनहित के मद्देनजर रद्द किया जाना चाहिये। प्रदर्शन में शामिल लोगों में ईश्वरदयाल शर्मा, विश्वदीप त्यागी, गजेंद्र सिंह, शरीफ, आरसी कौशिक, बिजेंद्र कौशिक, अधि सिंह, सुनील, मुकेश, अमरजीत, एमपी दीक्षित आदि मौजूद रहें।

---

# कामकाजी महिला छात्रावास का प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने किया निरीक्षण

### -कार्यरत महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक निवास उपलब्ध कराने का एक सराहनीय प्रयास



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कल्याण की दिशा में उत्तर प्रदेश शासन लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। इसी क्रम में 22 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश शासन की प्रमुख सचिव, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग, लीना जौहरी द्वारा जनपद गाजियाबाद के सूर्यनगर स्थित 'कामकाजी महिला छात्रावास' का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर सचिव, महिला कल्याण विभाग; गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता (जोन-7) एवं अन्य तकनीकी अधिकारी, सीएनडीएस जल निगम की निर्माण इकाई के प्रतिनिधिगण; तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी, गाजियाबाद उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि गाजियाबाद जनपद में कामकाजी महिलाओं हेतु सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 167वीं बोर्ड बैठक में 'कामकाजी महिला छात्रावास' के निर्माण हेतु भूमि आवंटन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसे अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

इस प्रस्ताव के तहत सूर्यनगर क्षेत्र में लगभग 3150 वर्ग मीटर भूमि पर यह छात्रावास पहले से ही निर्मित है। यह क्षेत्र दिल्ली सीमा से सटा हुआ है और एक सुविकसित, सुरक्षित एवं स्वच्छ आवासीय कॉलोनी के मध्य स्थित है। यहां यातायात की समुचित सुविधा उपलब्ध है, जिससे दिल्ली-एनसीआर में कार्यरत महिलाओं को विशेष सुविधा प्राप्त होगी। प्रमुख सचिव ने निरीक्षण के उपरांत छात्रावास भवन की अवस्थिति, संरचना, उपलब्ध सुविधाएं एवं परिवेश को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कार्यरत महिलाओं को एक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं सम्मानजनक निवास उपलब्ध कराने हेतु यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि छात्रावास की कार्यात्मकता, सुरक्षा उपायों, साफ-सफाई और प्रबंधन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि यह मॉडल संस्थान के रूप में स्थापित हो सके।

---

## यूपीएससी-प्री परीक्षा में पास कराने के नाम पर लाखों ठगे

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक युवक को शातिरों ने झांसे में लेकर यूपीएससी-प्री परीक्षा में पास कराने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिये। ठगी का शिकार युवक ने दो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी हैं। कस्बा निवाड़ी निवासी अफसर ने पुलिस में दर्ज रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2021 में उसने यूपीएससी की प्री परीक्षा दी थी, इस बीच एक दिन उस पर टेलीफोन आया कि आप पास हो गये। रिजल्ट देने की आड़ में पहले 50हजार रुपए लिये गये, फिर कहा गया कि रिजल्ट जिसके पास है, वह अधिकारी मर गया। इसके बाद फिर शातिर ने उसी नंबर से फोन किया ओर रिजल्ट दिलवाने का झांसा देकर दो लाख रुपए की डिमांड की। झांसे में लेकर शातिर ने फिर 77 हजार रुपए हड़प लिये, लेकिन जब रिजल्ट नही मिला तो धोखाधड़ी का एहसास हुआ। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस प्रकरण में मेरठ के जानी थानान्तर्गत गांव टीकरीकला निवासी दिलशाद व जिला बंदायू के अखिलेश को नामजद किया गया हैं। पुलिस की टीम जांच कर रही हैं।

---

## बंगाल को हिंसा की आग में जलाने के विरोध में हिन्दू संगठनों की बैठक

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** वक्फ कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को हिंसा की आग मे जलाने के विरोध में वर्कस क्लब कपड़ा मिल पर हिंदू युवा वाहिनी व हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों की बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक साथ ही सभी ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। संगठन के नगर अध्यक्ष सुनील प्रजापति ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, वह अक्षम्य अपराध है। बंगाल में राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को खुली छूट दी जा रही है। षड्यंत्रों को क्रियान्वित करने की यह छूट ममता सरकार पर भारी पड़ेगी। नगर महामंत्री शुभम त्यागी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंदुओं की नृशंस हत्या, उपद्रव, आगजनी, हिंसा चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन तो देश भर में होते हैं, लेकिन हिंसा और हिंदुओं पर हमले व्यापक पैमाने पर बंगाल में ही क्यों होते हैं। बैठक में संदेश राजपूत, राकेश शर्मा, सतीश कुमार, कमल गुप्ता, महेंद्र शर्मा, विजय राजवंश, कैलाश शर्मा, देवेंद्र शिशौदिया, निखिल, आशीष, आकाश शर्मा, रवि, ओमकार पांडे, चेतन शर्मा व विपुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

# इंदिरापुरम में जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर अवैध निर्माण किए गए ध्वस्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने के निर्देशों के क्रम में 22 अप्रैल 2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में भवन संख्या-955, नीतिखण्ड-1, इन्दिरापुरम के अग्रभाग में किये गये अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रश्नगत भवन को अवैध रूप से दैनिक वस्तुओं के गोदाम के रूप में प्रयोग किया जा रहा था, जिसे एक सप्ताह का समय प्रदान किया गया। इसके पश्चात विपिन कुमार द्वारा भवन संख्या-54, इण्डिया मून सिटी, अहिंसाखण्ड-2 में अपने भवन में सार्वजनिक पार्क की ओर अवैध रूप से दरवाजे व खिड़कियों का निर्माण किया गया था, जिनको सील करा दिया गया है। इसके पश्चात भवन 565सी, न्यायखण्ड-2 की छत पर किये गये अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण कराया गया। प्रश्नगत कार्रवाई के दौरान सहायक अभियन्ता व प्रवर्तन जोन-6 का समस्त स्टाफ तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। कार्रवाई के दौरान एक-दो स्थानों पर स्थानीय पब्लिक द्वारा विरोध किया गया, लेकिन अधिकारियों की कार्य कुशलता से कार्य को सम्पादित किया गया। अवैध निर्माण के विरूद्ध आगे भी प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

---

# मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति के प्रबुद्धजनों को किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल में डॉ आंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी के तत्वावधान में अनुसूचित जाति के प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया। वही वार्ड 76, वार्ड 36 वसुन्धरा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद प्रतिमा शर्मा के सहयोग से अनुसूचित जाति के नैन सिंह, रवि भारती, धर्मपाल सिंह, विकास पहिवाल व डॉ प्रवीन इन सभी के आवास पर पहुंचकर प्रवासी अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह सिंह गोस्वामी द्वारा फूल माला पहनकर उनका सम्मान किया। भाजपा सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों का पत्रक देकर जलपान किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल संयोजक सुभाष सिंह, भाजपा नेता प्रहलाद दुआ, अशोक पाण्डेय मंडल उपाध्यक्ष, हरमेल सिंह, राकेश पाण्डेय, राहुल तिवारी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## गर्मी से बचाव के लिए हापुड़ में बड़ी पहल, 9 सरकारी अस्पतालों में शुरू हुए ओआरएस कॉर्नर, मरीजों को मिल रहा मुफ्त घोल

**हापुड़ करंट क्राइम।** बढ़ती गर्मी और हीटवेव से लोगों को बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अहम कदम उठाया है। राज्य शासन के निर्देश पर जिले के 9 प्रमुख सरकारी अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। इन कॉर्नर पर मरीजों और तीमारदारों को मुफ्त में ठंडा पानी और डफ्र के पैकेट दिए जा रहे हैं। इससे उनके शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी नहीं होगी। जिला संयुक्त चिकित्सालय हापुड़ समेत धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिम्भावली, पिलखुवा, सपनावत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह सुविधा शुरू की गई है। सीएचसी प्रभारी डॉ. महेश चंद के अनुसार यह पहल गर्मियों में लोगों को बड़ी राहत देगी। इससे हीट स्ट्रोक जैसी समस्याओं से बचा जा सकेगा। मसालेदार भोजन से बचने की हिदायत दी अस्पताल आने वाले मरीजों को सिरदर्द, कमजोरी, चक्कर और निर्जलीकरण से तुरंत राहत मिल सकेगी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को तेज धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही हल्के और सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और मसालेदार भोजन से बचने की हिदायत दी है। विभाग ने शरीर को हाइड्रेटेड रखने पर विशेष जोर दिया है।

# सऊदी में गूंजा 'ऐ वतन ऐ वतन' गीत

## दो दिवसीय दौरे पर जेद्दा पहुंचे पीएम मोदी

**जेद्दा ।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'सऊदी अरब के जेद्दाह में उतरा हूं। इस यात्रा से भारत और सऊदी अरब के बीच मित्रता मजबूत होगी। आज और कल विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। सऊदी अरब में प्रवासी भारतीयों ने 'मोदी, मोदी' के लगाए नारे सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए प्रवासी भारतीयों ने 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे के तहत सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गए हैं। वहीं उनके जेद्दा पहुंचने पर एक स्थानीय शख्स ने उनके स्वागत में भारतीय गीत 'ऐ वतन, ऐ वतन' गाया**

### सऊदी अरब में गूंजा 'ऐ वतन' गाना

**जेद्दा पहुंचे पीएम मोदी, 21 तोपों की सलामी से हुआ स्वागत :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए जेद्दा पहुंचे, इस दौरान उनका स्वागत 21 तोपों की सलामी के साथ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री एचआरएच प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ देश की अपनी यात्रा के दौरान भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की दूसरी नेताओं की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य जेद्दा के एक होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 22-23 अप्रैल को सऊदी अरब में रहेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों ने कहा, ₹...मैं प्रधानमंत्री मोदी को देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं... हम बहुत आभारी हैं कि हमें यह अवसर मिला। सउदी अरब के हवाई क्षेत्र में दाखिल होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विमान एयर इंडिया-1 को सऊदी वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने एस्कॉर्ट किया। सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर रवानगी से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर जोर दिया। अरब न्यूज को दिए साक्षात्कार में पीएम मोदी ने कहा कि भारत-सऊदी अरब के संबंध काफी मजबूत हैं।

# ऑरलैंडो एयरपोर्ट पर डेल्टा विमान में लगी आग, बाल-बाल बचे 282 यात्री

**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में आग लग गई। हालांकि समय रहते आग के बारे में जानकारी मिलने पर विमान में सवार 282 यात्री बाल-बाल बच गए। यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये विमान से बाहर निकाला गया।



संघीय उड्डयन प्रशासन और डेल्टा एयरलाइंस के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि विमान अटलांटा जाने के लिए रनवे पर रवाना हुआ था। इस दौरान दो इंजनों में से एक में आग लग गई। टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में विमान के इंजन में आग लगने की घटना कैद हो गई। विमान के दाहिने इंजन से आग की लपटें निकल रही थीं। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने घटना के लिए जताया खेद मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है। एयरलाइन का कहना है कि जब विमान के दो इंजनों में से एक के टेलपाइप में आग की लपटें देखी गईं, तो डेल्टा फ्लाइट क्रू ने यात्री केबिन को खाली करने के लिए प्रक्रियाओं का पालन किया। यात्रियों को दूसरे विमानों से गंतव्य तक पहुंचाएगी एयरलाइंस एयरलाइन ने आगे कहा कि हम अपने ग्राहकों के सहयोग की सराहना करते हैं। सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। डेल्टा की टीमें ग्राहकों को जल्द से जल्द उनके अंतिम गंतव्य तक पहुंचाने के लिए काम करेंगी। एयरलाइन के मुताबिक, यात्रियों को दूसरे विमानों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही रख-रखाव दल विमान की जांच कर रहे हैं।

# अमेरिका में आतंकी हरप्रीत सिंह की गिरफ्तारी पर बोले एफबीआई निदेशक काश पटेल

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में संघीय जांच ब्यूरो के निदेशक काश पटेल ने सोमवार (स्थानीय समय) को आश्वासन दिया कि पंजाब में हमलों में शामिल आतंकवादी हरप्रीत सिंह को एफबीआई की ओर से गिरफ्तार किए जाने के बाद न्याय किया जाएगा। काश पटेल ने टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एफबीआई सैक्रामेंटो ने भारत के साथ समन्वय में इस जांच को अंजाम दिया है। हम न्याय के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।




काश पटेल ने 'एक्स' पर लिखा, 'गिरफ्तार किया गया हरप्रीत सिंह अमेरिका में विदेशी आतंकी गिरोह का हिस्सा है, जिसके बारे में हमारा मानना है कि वह भारत और अमेरिका दोनों में पुलिस स्टेशनों पर कई हमलों की योजना बनाने में शामिल था। एफबीआई सैक्रामेंटो ने स्थानीय और भारत में अपने भागीदारों के साथ समन्वय करते हुए जांच की। सभी ने बेहतरीन काम किया है और न्याय होगा।' काश पटेल ने आगे आश्वासन दिया कि एफबीआई हिंसा करने वालों को ढूंढना जारी रखेगी। चाहे वे कहीं भी हों। इससे पहले 18 अप्रैल को अमेरिका में रहने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को गिरफ्तार किया गया था। एफबीआई और अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने उसे अपने शिकंजे में ले लिया था। वह पिछले छह महीनों में पंजाब में 14 आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। आतंकी भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम है। वह अभी आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट) की हिरासत में है। हैप्पी पासिया ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर आतंकी हमलों को अंजाम दिया। हैप्पी पासिया ने पंजाब के पुलिस प्रतिष्ठानों पर कई आतंकी हमले किए और सोशल मीडिया पर उनकी जिम्मेदारी ली।

# पाकिस्तान में भीषण सड़क हादसा खाई में गिरी वैन, 16 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद ।** दक्षिणी पाकिस्तान में एक तेज रफ्तार वैन खाई में गिर गई। हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। 30 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना सोमवार को सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में हुई। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना पहाड़ी क्षेत्र में उस




वक्त हुई, जब वैन के चालक ने तेज गति के कारण वाहन पर नियंत्रण खो दिया और वैन खाई में गिर गई। बलूचिस्तान में गेहूं की कटाई का काम पूरा करके घर लौट रहे थे लोग वैन पंजाब प्रांत के लापारी से सिंध प्रांत के बादिन जा रही कोल्ही जनजाति के सदस्यों को ले जा रही थी। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और मृतकों और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डिप्टी कमिश्नर गजनफर कादरी ने बताया कि वैन में मजदूर सवार थे, जो बलूचिस्तान में गेहूं की कटाई का काम पूरा करके घर लौट रहे थे। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है सूत्रों के अनुसार, मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है और कुछ घायलों की हालत गंभीर है। पाकिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात हैं।

# पोप के सम्मान में अमेरिकी ध्वज आधा झुकाने का आदेश

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार (स्थानीय समयानुसार) पोप फ्रांसिस की याद में सम्मान के तौर पर अमेरिकी ध्वज को आधा झुकाने का आदेश दिया। राष्ट्रपति के आदेश के चलते अमेरिका में सार्वजनिक भवनों, मैदानों, सैन्य चौकियों और नौसेना स्टेशनों सहित अन्य स्थानों पर ध्वज को आधा झुकाकर फहराया जाएगा। इससे पहले, ट्रंप ने पोप फ्रांसिस के 88 वर्ष की आयु में निधन पर शोक व्यक्त किया। वह प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप के साथ फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।



ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में अमेरिकी ध्वज आधा झुकाने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'परम पावन पोप फ्रांसिस की याद में सम्मान के तौर पर अमेरिका के संविधान और कानूनों द्वारा राष्ट्रपति के रूप में मुझे दिए गए अधिकार के तहत, अमेरिकी ध्वज को आधा झुकाने का आदेश देता हूं। अमेरिका का ध्वज व्हाइट हाउस और सभी सार्वजनिक भवनों और मैदानों, सभी सैन्य चौकियों और नौसेना स्टेशनों और कोलंबिया जिले में संघीय सरकार के सभी नौसैनिक जहाजों और पूरे अमेरिका और उसके क्षेत्रों और संपत्तियों पर सूर्यास्त तक, दफन के दिन तक आधा झुका रहेगा।' यहां भी आधा झुकाकर फहराया जाएगा अमेरिकी ध्वज ट्रंप ने आगे कहा कि मैं यह भी निर्देश देता हूं।

# आव्रजन एजेंट रिकर्स द्वीप जेल में नहीं कर सकेंगे काम न्यायाधीश ने न्यूयॉर्क के मेयर के आदेश पर लगाई रोक

**न्यूयॉर्क ।** संघीय आव्रजन एजेंट अब रिकर्स द्वीप जेल परिसर से काम नहीं कर सकेंगे। न्यूयॉर्क के संघीय न्यायाधीश ने मेयर एरिक एडम्स की ओर से आव्रजन एजेंटों को दी गई अनुमति पर अस्थायी रोक लगा दी है। एरिक एडम्स के आदेश के खिलाफ दायर मुकदमे पर 25 अप्रैल को सुनवाई होनी है। इससे पहले लिखित आदेश में न्यायाधीश मैरी रोसाडो ने मेयर को संघीय सरकार के साथ किसी भी समझौता ज्ञापन पर बातचीत, हस्ताक्षर या कार्यान्वयन की दिशा में कोई भी कदम उठाने से रोक दिया।



न्यूयॉर्क मेयर एरिक एडम्स ने अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन और अन्य संघीय एजेंसियों को जेल परिसर में कार्यालय बनाए रखने की अनुमति दी थी। इसके खिलाफ न्यूयॉर्क सिटी काउंसिल ने न्यायालय में मुकदमा दायर करके कार्यकारी आदेश को रोकने की मांग की है। मुकदमे में डेमोक्रेट एडम्स पर न्याय विभाग द्वारा उनके खिलाफ आपराधिक आरोपों को वापस लेने के बदले में ट्रंप प्रशासन के साथ भ्रष्ट सौदेबाजी में प्रवेश करने का आरोप लगाया गया है। इस मुकदमे की सुनवाई 25 अप्रैल को होनी है।

मुकदमे में कहा गया है कि जेल परिसर में आव्रजन एजेंटों और अन्य संघीय एजेंसियों की मौजूदगी उन्हें गिरोह और नशीली दवाओं से संबंधित जांच में सहायता करने की अनुमति देगी, लेकिन नागरिक आव्रजन प्रवर्तन में उनकी कोई भूमिका नहीं होगी। वहीं एडम्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई से पहले शहर ट्रंप प्रशासन के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एडम्स ने पहले घोषणा की थी कि वह अपने पहले डिप्टी मेयर रैंडी मैस्ट्रो को रिकर्स द्वीप पर आव्रजन एजेंटों की वापसी पर सभी निर्णय लेने के लिए नियुक्त करेंगे ताकि किसी संघर्ष की स्थिति न बने। वहीं मैस्ट्रो ने पिछले सप्ताह कहा था कि योजना पर संघीय सरकार के साथ चर्चा जारी है।

सिटी काउंसिल के अध्यक्ष एड्रिएन एडम्स के प्रवक्ता जूलिया एगोस ने कहा कि परिषद ट्रंप प्रशासन और उसके एजेंटों द्वारा हमलों के खिलाफ सभी न्यूयॉर्क वासियों के अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा करने का प्रयास कर रहा है।

# चैट लीक होने पर डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का किया बचाव

**वॉशिंगटन ।** हूतियों को लेकर दूसरी बार चैट लीक करने के आरोपों का सामना कर रहे रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बचाव किया है। उन्होंने कहा कि यह असंतुष्ट कर्मचारियों का काम है। हेगसेथ अच्छा काम कर रहे हैं। इसलिए अंसतुष्ट कर्मचारी उनको निशाना बना रहे हैं। व्हाइट हाउस ने भी हेगसेथ का समर्थन किया है।



पिछले दिनों रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ पर आरोप लगा है कि उन्होंने यमन में हूतियों पर अमेरिकी हवाई हमले से संबंधित अहम जानकारी सिग्नल एप पर साझा की। जिस चैट ग्रुप में ये अहम खुफिया जानकारी साझा की गई, उस ग्रुप में हेगसेथ की पत्नी और भाई भी शामिल हैं। इसे लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हेगसेथ का बचाव किया। ईस्टर एग रोल कार्यक्रम में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मुझे लगता है कि असंतुष्ट कर्मचारियों का काम है। सभी जानते हैं कि हेगसेथ को रक्षा विभाग में बुरे लोगों से छुटकारा दिलाने के लिए रखा गया था। वे वही कर रहे हैं। इसलिए जब ऐसा होता है तो आपके हमेशा दोस्त नहीं बनते। हूतियों से पूछना चाहिए कि यमन में कितनी अव्यवस्था फैली है। व्हाइट हाउस ने भी विवाद को हेगसेथ और असंतुष्ट पेंटागन कर्मचारियों के बीच नौकरशाही लड़ाई बताया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि ऐसा तब होता है जब पूरा पेंटागन आपके खिलाफ काम कर रहा हो और उस बड़े बदलाव के खिलाफ काम कर रहा हो जिसे आप लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। हेगसेथ ने भी खारिज किए आरोप रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने चैट लीक करने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने असंतुष्ट पूर्व कर्मचारियों और मीडिया पर प्रतिष्ठा को बर्बाद करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह बहुत आश्चर्य की बात है कि कुछ लीकर्स को नौकरी से निकाल दिया ।

# भारतवंशी सांसद आर्य ने सरकार से की निर्णायक कार्रवाई की मांग, धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की निंदा की

**ओटावा ।** कानाडा में नेपियन से संसद सदस्य बने चंद्र आर्य ने देश में धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने संबंधी कई घटनाओं के बाद खालिस्तानी चरमपंथियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करने की मांग सरकार से की है। उन्होंने ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई तोड़फोड़ और बेअदबी की निंदा करते हुए हिंदुओं और सिखों से खालिस्तानी उग्रवाद के खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। वह बोले, दोनों समुदाय तत्परता से उठें और सरकार पर दबाव डालें।



कनाडाई सांसद ने कहा, कई वर्ष पूर्व शुरू हिंदू मंदिरों पर हमले आज भी जारी हैं। हिंदू मंदिर पर यह नवीनतम भित्तिचित्र खालिस्तानी चरमपंथ के बढ़ते प्रभाव की एक और डरावनी याद दिलाता है। खालिस्तानी तत्व बेशर्मी से अपने प्रभुत्व का दावा कर रहे हैं और सफलतापूर्वक पूरे कनाडा में हिंदू आवाजों को चुप करा रहे हैं। वैंकूवर में रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारा में खालिस्तानी भित्तिचित्र पाए जाने की एक अन्य घटना पर आर्य ने कहा, ये चरमपंथी समूह सिर्फ हिंदू नहीं, सिख संस्थानों को भी निशाना बना रहे हैं।

**तोड़फोड़ के लिए खालिस्तानी जिम्मेदार : कनाडाई पत्रकार**

ब्रिटिश कोलंबिया। कनाडाई पत्रकार डैनियल बॉर्डमैन ने आरोप लगाया है कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में लक्ष्मी नारायण मंदिर में रविवार रात तीसरी बार तोड़फोड़ की गई, इमारत की दीवारों को विकृत करने के बाद वहां से सुरक्षा उपकरण भी चोरी कर लिए गए। इसके लिए खालिस्तानी जिम्मेदार हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले पत्रकार बॉर्डमैन ने कहा, जब मैं पहुंचा तो बर्बरता को छिपा दिया गया। मुझे समझ नहीं आ रहा कि पुलिस के आने से पहले ही यहां से भित्तिचित्र क्यों हटाए गए। वह बोले, यहां अभी भी कुछ टूटे शीशे और उपद्रवियों द्वारा चुराए गएसुरक्षा कैमरों के निशान दिखाई दे रहे हैं।

# वैश्विक यात्राओं से लेकर कार्यकाल व संतों की रिकॉर्ड संख्या तक, पोप फ्रांसिस के नाम कई कीर्तिमान

**वेटिकन सिटी ।** पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें 'पीपुल्स पोप' (लोगों के प्रिय पोप) के रूप में जाना जाता था। वे लैटिन अमेरिका से पोप बनने वाले पहले व्यक्ति थे। पोप के रूप में उनकी विरासत एक दशक से अधिक समय तक चली। इस दौरान उन्होंने शांति और करुणा का संदेश फैलाने के लिए कई देशों का दौरा किया। उन्होंने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। पोप फ्रांसिस की विरासत के बारे में कुछ आंकड़े.





13 मार्च, 2013 को लैटिन अमेरिका से पहले पोप के रूप में चुने जाने से पहले अर्जेंटीना के पूर्व कार्डिनल जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो फ्रांसिस नाम अपनाने वाले पहले पोप बने। वे 266वें पोप बने। पोप के रूप में उनका कार्यकाल 12 साल और 1 महीने तक चला, जो उनके 265 पूर्ववर्तियों के 7.5 साल के औसत कार्यकाल से अधिक था। वे इतिहास में दूसरे सबसे वृद्ध पोप बने। सबसे लंबे समय तक पोप रहने वाले पोप लियो क्क्क्थे, जिनकी मृत्यु 1903 में 93 वर्ष की आयु में हुई। पोप बेनेडिक्ट श्क95 वर्ष की आयु तक जीवित रहे, लेकिन 85 वर्ष की आयु में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। पोप फ्रांसिस ने पोप बेनेडिक्ट श्क के स्थान पर 2013 में पोप फ्रांसिस ने कार्यभार संभाला था।

अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान पोप फ्रांसिस ने 109 कार्डिनल नियुक्त किए, जो अब अगले पोप के लिए वोट देने के पात्र हैं। वर्तमान में कुल 252 कार्डिनल (लाल टोपी वाले चर्च के राजकुमार) में से 135 80 वर्ष से कम आयु के हैं। इसलिए चर्च कानून के तहत अगले पोप का चुनाव करने के लिए एक सम्मेलन में प्रवेश करने के पात्र हैं।

जो लोग वोट देने के पात्र हैं, उन्हें कार्डिनल इलेक्टर के रूप में जाना जाता है। अगले पोप का चुनाव करने के अलावा कार्डिनल अपने कार्यकाल के दौरान पोप को सलाह देते हैं। अक्सर वेटिकन नौकरशाही के भीतर शक्तिशाली विभागों का नेतृत्व करते हैं। पोप फ्रांसिस ने शांति और करुणा का संदेश फैलाने के लिए दूर-दूर तक यात्रा की। उन्होंने इटली से बाहर 47 बार यात्रा की, जिसके दौरान उन्होंने 65 से अधिक देशों का दौरा किया। वैश्विक स्तर पर सभी देशों का लगभग एक तिहाई।

# सहकारी क्रय-विक्रय समिति के कार्यालय पर हुआ महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का भव्य स्वागत




गाजियाबाद करंट क्राइम। मंगलवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल गाजियाबाद सहकारी क्रय विक्रय समिति राइटगंज घंटाघर पर पहुंचे। यहां पर समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत एवं उपाध्यक्ष संदीप चौधरी ने संयुक्त रूप से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद प्रताप चौधरी ने भी बुके देकर महानगर अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोविंदपुरम मंडल के अध्यक्ष अमित रंजन, मंडल के महामंत्री संजय शर्मा, वक्फ जागरण अभियान के गोविंदपुरम मंडल संयोजक दीपक त्यागी, नगर पंचायत डासना के पूर्व सभासद निखिल पाठक, संचालक उम्मेद चौधरी, विजय सिंह, मोनू सूद, सुभाष शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी, लीलू राम, अमित अग्रवाल एम.एम. एच कॉलेज के अध्यक्ष भीष्म चौधरी, धीरज शर्मा तथा समिति सचिव राम अवतार शर्मा ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का स्वागत किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के समर्थ में अनेकों अभियान और कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं। इन सभी कार्यक्रमों में सहयोग कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों को मजबूत करने का कार्य करें।

## बैनामा लेखक संघ ने एसडीएम निखिल चक्रवर्ती का किया स्वागत

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बैनामा लेखक संघ मोदीनगर इकाई के पूर्व अध्यक्ष राकेश उपाध्याय के नेतृत्व में बैनामा लेखकों की ओर से नवनियुक्त एसडीएम निखिल चक्रवर्ती का बुके देकर स्वागत किया गया। साथ ही बैनामा लेखकों से जुड़ी समस्याओं को भी अवगत कराया। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने बैनामा लेखको को आश्वस्त किया कि वे जनहित से जुडी समस्याओं को हल कराने का प्रयास करेंगे ओर बैनामा, दाखिल खारिज, आय जाति व अन्य प्रमाण पत्र से जुडे मामलों की शिकायत को लेकर आ रही परेशनियों का निराकरण करने की पूरी कोशिश रहेगी। इस अवसर पर तेजवीर सिंह, स्वराज हरित, मोहम्मद यनुस, सुबोध आदि बैनामा लेखक उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी के विरोध में वसुंधरा में अनुराग कश्यप का फूंका पुतला



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। ब्राह्मण समाज पर फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की टिप्पणी के विरोध में वसुंधरा ब्राह्मण समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर अनुराग कश्यप का पुतला फूंका।

आरोप लगाया कि जान बूझकर समाज के ऊपर इस तरह की टिप्पणी की जा रही है। उन्होंने निर्देशक पर मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर संजीव झा, अनिरुद्ध वसिष्ठ, अशोक शर्मा, अभिषेक पंडित, विवेक पांडेय, अशोक पांडेय, महेश शर्मा, मुकुल विपिन भारद्वाज, प्रकाश, पवन भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे।

## स्नेहशील भेंट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ से गाजियाबाद के पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने सोमवार को उनके आवास पर आत्मीय भेंट कर देश के हालात पर चर्चा की। इस मौके पर डॉ. अनिल अग्रवाल के प्रतिनिधि एवं भारतीय खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल एवं भाजपा नेता अभिषेक शर्मा मौजूद रहे।

# महापौर ने अधिकारियों के साथ शहर में कई स्थानों का किया निरीक्षण

## शहर को सुंदर और निगम की आय बढ़ाने पर किया जा रहा है कार्य : सुनीता दयाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर को सुंदर बनाने, नगर निगम की भूमि बचाने और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए महापौर सुनीता दयाल द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है, महापौर स्वम नगर आयुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ क्षेत्र में उपस्थित रहती हैं जिसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को महापौर ने मुख्य अभियंता एन के चौधरी की टीम के साथ विजय नगर स्थित तिगरी गोल चक्कर, पुराने शहर में और पटेल मार्ग रोहन मोटर्स के सामने निगम की भूमि का निरीक्षण किया।



### रोहन मोटर पटेल मार्ग पर नगर निगम की भूमि में बनेगा कमर्शियल मार्केट : महापौर

**करंट क्राइम।** पटेल मार्ग स्थित रोहन मोटर्स के सामने नगर निगम की रिक्त भूमि है जिसपर नगर निगम कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की तैयारियां कर रहा है, निरीक्षण में आज कॉम्प्लेक्स बनाने की भूमिका भी तैयार की जाएगी, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि होगी और शहरवासियों को व्यापार करने के लिए स्थान मिलेगा।

### एनएच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक का होगा सौन्दर्यकरण

**करंट क्राइम।** विजय नगर एन एच 9 से तिगरी गोल चक्कर तक के रॉड के दोनों तरफ में सौन्दर्यकरण किया जाएगा जिसमे सड़क, ग्रीन बेल्ट, और साज सज्जा हेतु कार्य किया जाना है जिससे शहर में प्रवेश करते समय सुंदर शहर दिखाई पड़े, जिससे गाजियाबाद शहर के प्रति अच्छा संदेश भी मिलेगा। उपरोक्त कार्य की रूप रेखा नक्शे पर तैयार करली गयी है और जल्द ही कार्य योजना के साथ कार्य भी किया जाएगा।

### 'शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी'

**करंट क्राइम।** महापौर द्वारा बताया गया कि शहर को सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमे सभी की भूमिका अहम है, शहर के प्रति प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपना शहर साफ रखें, गंदगी न होने दे। जिस प्रकार शहर को साफ स्वच्छ रखने का कार्य किया जा रहा है जिसमे जनता के सहयोग की भी आवश्यक रहेगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए पूर्व में भी कार्य किया गया है और लगातार आगे भी किया जाएगा जिसके क्रम में आज उपरोक्त स्थान पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना तैयार की जा रहा है जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि की जा सके।

### तिगरी गोल चक्कर पर हुए अवैध कब्जे पर महापौर हुईं नाराज, सम्पत्ति अधीक्षक से की वार्ता

**करंट क्राइम।** विजय नगर तिगरी गोल चक्कर पर महापौर ने देखा कि कुछ समय पहले जो अतिक्रमण हटाकर भूमि मुक्त की गई थी वह फिर कब्जा हो गया है जिसको लेकर सम्पत्ति के अधिकारियों को वही से फोन वार्ता की और उनको बताया कि अगर यहाँ दोबारा कब्जा हो गया है तो आप क्या कर रहे थे, आपकी जिम्मेदारी है कब्जा हटवाने की, आप जल्द कब्जा हटवाए और अपनी भूमि की देख रेख भी रोजाना करें।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रालोद के राष्ट्रीय महामंत्री त्रिलोक त्यागी तथा भाजपा पार्षद वीरेन्द्र त्यागी ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने अपने अपने क्षेत्र के कई विषयों को जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के समक्ष रखा।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में दो की मौत, आधा दर्जन घायल

## सड़क हादसे में एक कुत्ते की भी गई जान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नेशनल हाईवे-9 दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर हुए हादसे में ईको और सेलेरियो कार के बीच भिड़ंत के बाद दो लोगों की मौत हो गई। वहीं सात लोग घायल हो गए। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ईको का टायर पंचर होने के बाद सवारियों को उतारकर चालक टायर बदल रहा था, तभी पीछे से आ रही सेलेरियो कार ने मारी टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों गाड़ियों में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो लोगों समेत एक कुत्ते की मौत हो गई। घटना के कारण दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। ईको सवार व्यक्ति ने बताया कि एक गाड़ी अमरोहा के जोया से दिल्ली के लिए आ रही थी। यहां एक टायर में से हवा निकल जाने के बाद टायर बदला जा रहा था, तभी पीछे से आ रही कार ने गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें एक ड्राइवर और पास में बैठी हुई सवारी जलकर खाक हो गए। अन्य सवारियों को बचा लिया गया। मौके पर फायर विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस बल में राहत कार्य शुरू करते हुए सब को गाड़ी से निकाल पंचायत नामी कार्रवाई शुरू की। वहीं गाड़ियों को एनएच-09 से हटा ट्रैफिक सुचारू किया गया।

### टक्कर थी जोरदार, अचानक लग गई थी आग

करंट क्राइम : एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने हादसे को लेकर बताया कि करीब 1:32 के आसपास कंट्रोल पर ये सूचना प्राप्त हुई कि एबीएस कट इंजीनियरिंग कॉलेज स्टेप अप स्कूल के सामने दो गाड़ियों के बीच एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट की वजह से दोनों गाडियों में आग भी लग गई है। आग लगने से 08-09 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के तुरंत बाद थाने की टीम जब मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर ईको गाड़ी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर जब जा रही थी, तो अचानक से एक टायर के पंक्चर हो जाने के कारण साइड में लगा के गाड़ी का टायर चेंज कर रहे थे। उसी वक्त तेज रफ्तार से आती हुई सेलेरियो गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी, जिस कारण दोनों गाडियों में आग लग गई और ईको गाड़ी के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और एक अन्य महिला भी घायल हो गई। जब इन गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया तो डाक्टर के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अन्य बाकी सभी घायलों को आसपास के अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट करवा दिया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# यशोदा हॉस्पिटल के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट ने रचा इतिहास

## स्तन कैंसर की पहचान के क्षेत्र में शुरू की एक वैश्विक क्रांति!

### यशोदा हॉस्पिटल से दुनिया तक : ब्रह्स प्रोटोकॉल बचाएगा हजारों जिंदगियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुनिया में पहली बार एक क्रांतिकारी प्रक्रिया ब्रह्स प्रोटोकॉल का विकास यशोदा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) ब्रह्मजीत सिंह द्वारा किया गया है। पूरे विश्व में इस प्रकार की कोई और प्रक्रिया या अवधारणा मौजूद नहीं है जो जीवनसाथियों को स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान करने में सक्षम बनाए। यह अनूठी विधि हजारों जीवन बचाने की शक्ति रखती है, क्योंकि यह स्तन कैंसर की समय रहते पहचान को संभव बनाती है। ब्रह्स प्रोटोकॉल पहली बार वैश्विक स्तर पर जीवनसाथियों (पति/पत्नी) को इस योग्य बनाता है कि वे न सिर्फ एक-दूसरे की देखभाल करें, बल्कि स्तन कैंसर की शुरूआती पहचान में सक्रिय भूमिका निभाएं। यह व्यक्तिगत रिश्तों और चिकित्सीय सतर्कता के बीच की दीवार को तोड़ता है और निवारक स्वास्थ्य सेवा में एक नई क्रांति की शुरूआत करता है।






स्तन कैंसर - एक विराट संकट : स्तन कैंसर एक वैश्विक महामारी है, और संभवतः आप अब तक इस मौन आपदा की भयावहता को पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं, कि हर एक दिन, 1,800 से अधिक महिलाएँ स्तन कैंसर के निर्मम शिकंजे में दम तोड़ देती हैं।

डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) ब्रह्मजीत सिंह, एमडी (मेडिसिन, एएफएमसी ), डॉ एनबी (मेडिकल ऑन्कोलॉजी), एफआईसीपी, सीईपीसी सीनियर कंसल्टेंट एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजी, हीमैटो-ऑन्कोलॉजी और पॉलिएटिव एवं समग्र देखभाल विशेषज्ञ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा व्यापारी नेता बालकृष्ण गुप्ता बालू ने दक्षिण काली मंदिर के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाश आनंद गिरी महाराज के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अध्यात्म और आशीर्वाद की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।